छत्तीसगढ़ विधान सभा

प्रश्नोत्तर-सूची
फरवरी-मार्च, 2024 सत्र

सोमवार, दिनांक 12 फरवरी, 2024

भाग-1
तारांकित प्रश्नोत्तर

बस्तर क्षेत्र, सरगुजा क्षेत्र एवं मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के द्वारा स्वीकृत कार्य

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

1. (*क्र. 840) श्री बघेल लखेश्वर : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** छ.ग. राज्य के आदिवासी विकास प्राधिकरणों (बस्तर क्षेत्र, सरगुजा क्षेत्र एवं मध्य क्षेत्र) के द्वारा वर्ष 2023-24 में दिनांक 10 जनवरी, 2024 तक कुल कितने-कितने कार्य व राशि स्वीकृत की गयी ? क्षेत्रवार बतावें ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के स्वीकृत कार्यों में से कितने पूर्ण, अपूर्ण, अप्रारंभ अथवा अधूरे स्थिति में बंद हैं ? कृपया बतावें ? **(ग)** क्या प्रश्नांश ''क'' के स्वीकृत कार्यों तथा जिनकी प्रशासकीय स्वीकृतियां भी जारी हो गई हैं, उन कार्यों पर विभाग के द्वारा रोक लगाई गई है? यदि हां, तो कौन- कौन से कार्य ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण अंतर्गत कुल 1554 कार्य हेतु राशि रूपये 5093.23 लाख स्वीकृत। सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण अंतर्गत कुल 704 कार्य हेतु राशि रूपये 3499.59 लाख स्वीकृत तथा मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण अंतर्गत कुल 462 कार्य हेतु राशि रूपये 3260.50 लाख स्वीकृत की गई। **(ख)** बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण अंतर्गत कुल 331 कार्य पूर्ण, कुल 1045 कार्य अपूर्ण एवं कुल 178 कार्य अप्रारंभ हैं। सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण अंतर्गत कुल 96 कार्य पूर्ण, कुल 542 कार्य अपूर्ण एवं कुल 66 कार्य अप्रारंभ हैं। मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण अंतर्गत कुल 33 कार्य पूर्ण, कुल 368 कार्य अपूर्ण एवं कुल 61 कार्य अप्रारंभ हैं। **(ग)** कार्यों पर रोक नहीं लगाया गया है बल्कि वित्तीय अनुशासन की दृष्टि से अप्रारंभ कार्यों को वित्त विभाग की सहमति पश्चात प्रारंभ करने के निर्देश हैं।

अनुसूचित क्षेत्र के लिए ''प्रयास''आवासीय विद्यालय का प्रारंभ

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

2. (*क्र. 698) श्री मोतीलाल साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** अनुसूचित क्षेत्र के लिए विशेष शैक्षणिक योजनाओं के अंतर्गत वर्ष 2019 से 2023 तक कितने ''प्रयास'' आवासीय विद्यालय, कहां-कहां पर प्रारंभ किये गये हैं। **(ख)** ''प्रयास'' आवासीय विद्यालय में वर्ष 2018 तक कुल कितने विद्यार्थी तथा वर्ष 2019 से 2023 तक कितने विद्यार्थी वर्षवार सम्मिलित हुए? उनको प्राप्त प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के साथ परीक्षा परिणाम का प्रतिशत वर्षवार देवें। **(ग)** वर्ष 2018 तक इंजीनियारिंग, मेडिकल प्रवेश परीक्षा में चयनित एवं प्रवेशित तथा वर्ष 2019 से 2023 तक इंजीनियरिंग/मेडिकल प्रवेश परीक्षा में चयनित एवं प्रवेशित छात्रों का विवरण वर्षवार देवें।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2019 से 2023 तक 05 निम्न प्रयास आवासीय विद्यालय प्रारंभ किये गये हैः-1. नवीन बालक एवं कन्या प्रयास (अनुसूचित जनजाति) आवासीय

विद्यालय पिनकापार, जिला-बालोद (छ.ग.) 2. नवीन बालक प्रयास (अनुसूचित जाति) आवासीय विद्यालय पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.) 3. नवीन कन्या प्रयास (अनुसूचित जाति) आवासीय विद्यालय रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) 4.. नवीन बालक प्रयास (अन्य पिछड़ा वर्ग) आवासीय विद्यालय रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) 5. नवीन कन्या प्रयास (अन्य पिछड़ा वर्ग) आवासीय विद्यालय बिलासपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग) **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'अ'** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'ब'** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - एक"]

प्रदेश के किसानों को धान का बोनस वितरण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

3. (*क्र. 81) श्री उमेश पटेल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश के किसानों को वर्ष 2015-16 एवं 2016-17 में जिलेवार कितने-कितने पंजीकृत किसानों को कुल कितनी बोनस राशि का वितरण किया गया ? **(ख)** जिलेवार कितने पंजीकृत किसानों को बोनस वितरण राशि अप्राप्त है एवं किस कारण से अप्राप्त है तथा कब तक उक्त किसानों को बोनस की राशि प्राप्त हो सकेगी ? **(ग)** इन सात वर्षों में जिन पंजीकृत किसानों की मृत्यु हो गयी हो, परिवार विभाजन हो गया हो, खाते में बंटवारा हुआ हो, अन्य खातेदार का नाम चढ़ गया हो एवं जमीन की खरीदी-बिक्री हो गयी हो, ऐसे किसानों की बोनस राशि को वितरण के लिए क्या उपाय किये गये हैं तथा उक्त किसानों का चिन्हांकन कैसे किया जावेगा एवं उनको बोनस राशि किस माध्यम से तथा कब तक दी जायेगी? बताने का कष्ट करेंगे?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) धान उत्पादन प्रोत्साहन योजना अंतर्गत वर्ष 2015-16 में पंजीकृत 11,11,316 किसानो में से पात्र 9,97,796 किसानों को कुल राशि रू. 1,60,877.57 लाख एवं 2016-17 में 13,34,239 किसानो को कुल राशि रू. 2,11,207.18 लाख प्रदाय की गई, वर्षवार, जिलावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसारहै। **(ख)** वर्ष 2015-16 में धान विक्रय करने वाले किसानों द्वारा तत्समय दर्ज कराए गए बैंक खाते बंद हो जाने, आई.एफ.एस.सी. कोड एवं खाता क्रमांक त्रुटिपूर्ण होने के कारण ट्रांसेक्शन फेल होने, कृषक की मृत्यु हो जाने, कृषक के अन्यत्र चले जाने आदि कारणों से कुल 113520 कृषकों को धान उत्पादन प्रोत्साहन योजना अंतर्गत प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं हो सका है, जिसकी जिलावार, संस्थावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। तहसील स्तर अथवा बीज निगम स्तर पर किसानों के खाता सुधार/खाता सत्यापन/मृत कृषकों के परिजनों द्वारा वारिस प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने उपरांत प्रकरण का परीक्षण कर नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जाती है। अतः प्रोत्साहन राशि के भुगतान की समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। वर्ष 2016-17 में धान विक्रय करने वाले सभी पात्र किसानों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जा चुका है। **(ग)** वर्ष 2015-16 में धान विक्रय करने वाले किसानों में से वर्तमान स्थिति में जिन किसानों की मृत्यु हो गई हो, परिवार विभाजन हो गया हो, खाते में बंटवारा हुआ हो, अन्य खातेदार का नाम चढ़ गया हो एवं जमीन की खरीदी-बिक्री हो गई हो ऐसे किसानों को प्रोत्साहन राशि के वितरण के संबंध में राज्य शासन के परिपत्र क्रमांक/4685/एफ-02/03/धा.प्रो.यो./2023/14-2 दिनांक 21.12.23 में निम्नानुसार प्रावधानों किये गये हैं- **(1)** ''कृषक, जिनके द्वारा वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में धान विक्रय उपरांत भूमि विक्रय की जा चुकी है/पारिवारिक बंटवारा हो चुका है, ऐसी दशा में मूल काश्तकार, जिन्होंने धान विक्रय किया था, उनके धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का भुगतान नियमानुसार किया जाएगा।'' **(2)** ''ऐसे हितग्राही, जिनके मृत्यु होने, बैंक द्वारा डिफाल्टर घोषित करने या उनके कानूनी उतराधिकारी घोषित करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने के कारण, धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का लाभ नहीं मिल पाया हो, के द्वारा राशि वितरण की निर्धारित तिथि के उपरांत तत्काल संबंधित सहकारी समिति में सुसंगत दस्तावेजों सहित (मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिसान प्रमाण पत्र इत्यादि की जानकारी) पूर्ण विवरण के साथ आवेदन प्रस्तुत करेंगे। समिति प्रबंधक को कृषक से प्राप्त आवेदन का परीक्षण/निराकरण हेतु तहसील मॉड्यूल में ऑनलाईन प्रस्तुत करेंगे। तहसील स्तर पर संबंधित अधिकारियों से परीक्षण कराकर वारिसान का निर्धारण ऑनलाईन निराकरण करेंगे।'' उक्त प्रावधानों के अनुरूप कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, अतः प्रोत्साहन राशि के भुगतान की समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **[संलग्न "परिशिष्ट - दो"]**

प्रदेश के शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पेंशन सुविधा

[वित्त]

4. (*क्र. 631) श्री सुशांत शुक्ला (श्रीमती शेषराज हरवंश) (श्रीमती भावना बोहरा) : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए एनपीएस के स्थान पर ओपीएस पेंशन योजना कब से प्रारंभ की गई है? ओपीएस पेंशन हेतु क्या प्रावधान किया गया है ? कितनी राशि केन्द्र सरकार से राज्य सरकार को प्राप्त होनी हैं ? **(ख)** क्या शासकीय अधिकारी/कर्मचारी संगठनों द्वारा इस योजना में प्रावधानों की कमियों को लेकर आवेदन दिया गया है? यदि हां, तो उनके प्रमुख बिन्दु क्या-क्या थे? उसे दूर करने हेतु क्या-क्या कार्यवाही की गई है ? **(ग)** प्रश्नांश 'क' अनुसार ओपीएस की सहमति देने वाले कर्मचारी और अधिकारियों के एनपीएस खातों में नियमित राशि प्रतिमाह जमा नहीं होने पर उनके खातों को नियमित/जीवित रखने हेतु एनपीएस में क्या प्रावधान है ? वर्तमान में की जा रही राशि की कटौती एवं पूर्व में एनपीएस योजना के तहत् काटी गई राशि के समायोजन हेतु क्या-क्या प्रयास किये गये हैं एवं एनपीएस की राशि कब तक प्राप्त होकर अधिकारियों/कर्मचारियों के खाते में जमा करा दी जावेगी ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) छ.ग. शासन वित्त विभाग की अधिसूचना दिनांक 11 मई 2022 द्वारा नवीन अंशदायी पेंशन योजना के स्थान पर दिनांक 01.11.2004 से पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया गया है। छ.ग. शासन वित्त विभाग की अधिसूचना दिनांक 11 मई 2022 एवं अधिसूचना दिनांक 20 जनवरी 2023 द्वारा ओपीएस पेंशन हेतु प्रावधान किये गये हैं। (अधिसूचना की **प्रति पुस्तकालय में रखे प्रप्रत्र** में है) केन्द्र सरकार से नही, अपितु पीएफआरडीए से कुल राशि रूपये 19136.81 करोड़ राज्य सरकार को प्राप्त होना है। **(ख)** छ.ग. अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के पत्र क्रमांक 376 दिनांक 17.02.2023 द्वारा ओपीएस/एनपीएस विकल्प चयन हेतु निर्धारित तिथि में वृद्धि के संबंध में आवेदन प्राप्त हुआ था। तत्संबंध में वित्त निर्देश 12/2023 द्वारा विकल्प चयन की तिथि में वृद्धि करते हुए दिनांक 08 मई, 2023 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। **(ग)** ओपीएस की सहमति देने वाले कर्मचारी और अधिकारियों के लिये एनपीएस खाते में नियमित राशि प्रतिमाह जमा नहीं होने पर उनके खाते को नियमित/जीवित रखने के संबंध में पीएफआरडीए अधिनियम में खाते के अप्रचलित होने संबंधी प्रावधान नहीं है। वर्तमान में एनपीएस विकल्प का चयन करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन से ही एनपीएस योजना के प्रावधान अनुसार नियमित कटौती की जा रही है। ओपीएस के विकल्प लेने वाले कर्मचारियों के पूर्व में एनपीएस अंशदान के रूप में वेतन से कटौती की जाकर एनएसडीएल में जमा की गई राशि में से शासकीय अंशदान एवं उस पर आहरण दिनांक तक अर्जित लाभांश की राशि शासकीय सेवक के मृत्यु/सेवानिवृत्त होने पर उनके एनपीएस खाते के अंतिम भुगतान से शासकीय कोष में जमा की जावेगी।

कृषि विभाग में भंडार क्रय नियमों के उल्लंघन

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

5. (*क्र. 915) श्री इंद्र साव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** संयुक्त संचालक जगदलपुर, दुर्ग और उप संचालक बलौदाबाजार द्वारा वर्ष 2018-2019 से दिनांक, 18 जनवरी,2024 तक भंडार क्रय नियम उल्लंघन से सम्बंधित कितनी जाँच संचालनालय को भेजी गई तथा कितनों पर कार्यवाही हुई ? विवरण देवें ? **(ख)** क्या सॉयल हेल्थ कार्ड योजना में भी भंडार नियमों के उल्लंघन का मामला संज्ञान में आया है ? यदि हाँ, तो कहाँ-कहाँ से तथा क्या कार्यवाही हुई ? विवरण देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2018-2019 से दिनांक 18 जनवरी, 2024 तक भंडार क्रय नियम उल्लघंन के संबंध में संयुक्त संचालक कृषि जगदलपुर से 02 एवं संयुक्त संचालक कृषि दुर्ग से 03 जांच प्रतिवेदन संचालनालय कृषि को प्राप्त हुये है, जिन पर संचालनालय कृषि एवं विभाग स्तर से की गई कार्यवाही की जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। प्रश्नाधीन अवधि में उप संचालक कृषि बलौदाबाजार से भण्डार क्रय नियम उल्लघंन से संबंधित कोई जांच प्रतिवेदन प्राप्त नही हुआ है।

(ख) जी हां। स्वायल हेल्थ कार्ड योजना में भी भंडार क्रय नियम के उल्लंघन के संबंध में उप संचालक कृषि बेमेतरा एवं उप संचालक कृषि बिलासपुर के विरुद्ध जांच प्रतिवेदन संयुक्त संचालक कृषि, संभाग दुर्ग एवं संभाग बिलासपुर से प्राप्त हुआ है। जांच प्रतिवेदन पर परीक्षण की कार्यवाही प्रचलन में है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तीन"]

पण्डरिया विधानसभा क्षेत्र में एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना अंतर्गत सामग्री का वितरण

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

6. (*क्र. 904) श्रीमती भावना बोहरा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या विधानसभा क्षेत्र पंडरिया के अंतर्गत एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना में किसानों को वित्तीय वर्ष 2020-21 से प्रश्नांकित अवधि तक सामग्री का वितरण किया गया था? **(ख)** यदि हाँ, तो कितने किसानों/ हितग्राहियों को क्या-क्या सामग्री, कितनी-कितनी मात्रा में वितरित की गई थी? जिलेवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** प्रश्नांश 'क' की वितरित सामग्रियों के क्रय एवं वितरण में भ्रष्टाचार की क्या शिकायतें प्राप्त हुई उन पर क्या- क्या कार्यवाही की गई व दोषी अधिकारी/कर्मचारी कौन हैं ? जिलेवार जानकारी उपलब्ध करावें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी, हॉ। **(ख)** विधानसभा क्षेत्र पंडरिया अंतर्गत जिला कबीरधाम में 08 किसानों/हितग्राहियों को वर्ष 2020-21 में सतही पानी दोहन हेतु प्रति हितग्राही 75 मीटर के मान से 08 बंडल एप्रोक्स पाईप वितरित की गई थी। **(ग)** वितरित सामग्रियों के क्रय एवं वितरण में भ्रष्टाचार की कोई भी शिकायतें प्राप्त नहीं हुई है, फलस्वरूप दोषी अधिकारी/कर्मचारियों पर कार्यवाही किये जाने का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

रायपुर विकास प्राधिकरण की पंडरी स्थित भूमि का विक्रय एवं मॉल का निर्माण

[आवास एवं पर्यावरण]

7. (*क्र. 849) डॉ. चरण दास महंत : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायपुर विकास प्राधिकरण की पंडरी में कुल कितनी भूमि थी ? इसमें से कितनी भूमि का किन-किन दरों पर विक्रय/पट्टा किया गया तथा कितनी भूमि पर सिटी सेंटर मॉल का निर्माण किसके द्वारा, कितनी लागत से किया गया ? **(ख)** क्या सिटी सेंटर मॉल के लिए हुए अनुबंध की शर्तो के अनुसार रायपुर विकास प्राधिकरण को लाभ प्राप्त हुआ है ? यदि नहीं तो क्यों एवं क्या-क्या लाभ प्राप्त नहीं हुआ और उसे प्राप्त करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ? **(ग)** रायपुर विकास प्राधिकारण की सिटी सेन्टर मॉल के कारण कितनी-कितनी लेनदारियां तथा देनदारियां किसके-किसके प्रति है ? प्राधिकरण को लगभग कितनीआर्थिक क्षति हुई है ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)रायपुर विकास प्राधिकरण की पंडरी में कुल 121.11 एकड़ भूमि थी। पंडरी स्थित प्राधिकरण की भूमियों के विक्रय/पट्टा एवं दरों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** हैं।प्राधिकरण की पंडरी स्थित भूमि में से कुल 5.70 एकड़ भूमि (23082 वर्गमीटर) में मल्टीप्लेक्स कम सिटी सेन्टर का निर्माण डेवलपर मेसर्स गुप्ता इंफ्रास्ट्रक्चर इंडिया प्राइवेट लिमि. द्वारा किया गया हैं जिसकी लागत रू. 129.38 करोड़ थी।**(ख)** रायपुर विकास प्राधिकरण को उक्त सिटी सेन्टर मॉल से रू. 41,00,51,000/- राजस्व प्राप्ति हुई तथा प्रति वर्ष रू.2,66,53,315/- लीजरेंट (ग्राउंडरेंट) प्राप्त होता हैं। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता हैं। **(ग)** वर्तमान में सिटी सेन्टर मॉल के कारण प्राधिकरण को कोई देनदारी/लेनदारियां नहीं हैं। प्राधिकरण को कोई आर्थिक क्षति नहीं हुई हैं।
[संलग्न "परिशिष्ट - चार"]

बाल्को संयंत्र, कोरबा द्वारा फ्लाई ऐश के उत्सर्जन एवं निष्पादन की शिकायत पर कार्यवाही

[आवास एवं पर्यावरण]

8. (*क्र. 399) श्री धरमलाल कौशिक : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बाल्को संयंत्र, कोरबा के द्वारा जनवरी, 2022 से नवम्बर, 2023 तक कुल कितना फ्लाई ऐश का उत्सर्जन किया गया है? माहवार जानकारी देवें? फ्लाई ऐश उत्सर्जन एवं निष्पादन हेतु एनजीटी एवं पर्यावरण विभाग के द्वारा क्या नियम वर्तमान में प्रभावशील हैं तथा इस संबंध में किस अधिकारी के द्वारा कब जांच की गई व जांच में क्या निष्कर्ष दिये गए एवं क्या कार्यवाही की गई? **(ख)** कंडिका ''क'' अनुसार फ्लाई ऐश के निष्पादन हेतु, किस स्थान की अनुमति, कब कितनी मात्रा के लिये दी गई तथा इन चिन्हाकित क्षेत्रों में कितनी मात्रा का निष्पादन उक्त क्षेत्रों में किया गया? माहवार जानकारी देवें? **(ग)** कंडिका ''क'' अनुसार फ्लाई ऐश निष्पादन हेतु उक्त अवधि में किसे, किस आधार पर व कब कार्य दिया गया था? उनके द्वारा कितने फ्लाई ऐश का परिवहन किया गया? उन्हें कितना भुगतान किया गया है? माहवार, फर्मवार व निष्पादन मात्रावार जानकारी देवें। उक्त कार्य के लिये प्राप्त भुगतान के एवज में कितना जीएसटी जमा किया जाना था, कितना जमा किया गया व कितनी राशि जमा किया जाना शेष है? **(घ)** कंडिका ''क'' के कार्य हेतु किसके द्वारा, क्या शिकायत, की गई व उन पर क्या कार्यवाही की गई?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) बालको कोरबा के ताप विद्युत संयंत्रों से माह जनवरी 2022 से माह नवम्बर 2023 तक माहवार जनित फ्लाई ऐश की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार** है। फ्लाई ऐश के निपटान हेतु भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 31.12.2021 (यथा संशोधित अधिसूचना दिनांक 30.12.2022) वर्तमान में प्रभावशील है **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार** है। **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** अनुसार है। **(ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द** अनुसार है।माहवार जानकारी संधारित नहीं की जाती है। **(ग)** फ्लाई ऐश के अपवहन की जिम्मेदारी संबंधित ताप विद्युत संयंत्र के स्वयं की है।अतः जानकारी निरंक है। **(घ)** जानकारी निरंक है।

महासमुंद जिले में पीड़ित क्षतिपूर्ति राशि का आवंटन

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

9. (*क्र. 872) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** महासमुंद जिले में पिछले 03 वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष दिनांक 10-01-2024 तक पीड़ित क्षतिपूर्ति के तहत कितने पीड़ितों को कितनी राशि आबंटित की गई है? वर्षवार हितग्राहियों के नाम सहित जानकारी बतायें? **(ख)** प्रश्न "क" में उल्लेखित अवधि के दौरान कितने प्रकरण किन कारणों से लंबित हैं? वर्षवार हितग्राहियों के नाम सहित जानकारी बतायें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** उल्लेखित अवधि के दौरान महासमुंद जिले में कोई प्रकरण लंबित नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पाँच"]

कांकेर जिले में डी.एम.एफ. मद से बोरवेल खनन

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

10. (*क्र. 580) श्री आशा राम नेताम : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- कांकेर जिले में विधानसभा क्षेत्रवार किन-किन हितग्राहियों की भूमि पर विगत 4 वर्षों में विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत सिंचाई हेतु बोरवेल खनन किए गए ? उक्त बोरवेल उत्खनन के लिए कौन-कौन सी एजेंसी को कितनी राशि प्रदान की गई ? क्या डीएमएफ राशि में बोर खनन का कार्य किया गया? यदि हां, तो

इस संबंध में विभाग के समक्ष अथवा प्रशासन के संज्ञान में किसी प्रकार की अनियमितता की कोई शिकायतें मिली थी ? यदि हां, तो उस पर क्या कार्रवाई की गई? विवरण प्रदान करेंगे?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : कांकेर जिले में डी.एम.एफ. मद से विगत 04 वर्षों में से वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 में कृषि विभाग द्वारा 321 कृषकों के प्रक्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के तहत बोरवेल्स खनन कराया गया। लाभांवित कृषकों के नाम तथा बोरवेल्स खनन हेतु किये गये भुगतान का एजेंसीवार वर्षवार विवरण **संलग्न प्रपत्र-अ** एवं **प्रपत्र-ब अनुसार** है। प्रश्नाधीन अवधि में डीएमएफ मद से बोरखनन के संबंध में विभाग के समक्ष अथवा प्रशासन के संज्ञान में किसी प्रकार की अनियमितता की कोई शिकायतें प्राप्त नहीं हुई है, अतः शेष जानकारी निरंक है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छः"]

प्रदेश के किसानों को राजीव गाँधी किसान न्याय योजना की 4थी किस्त का प्रदाय

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

11. (*क्र. 474) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- प्रदेश के किसानों को वित्तीय वर्ष 2023-2024 में धान के समर्थन मूल्य से खरीदी से अतिरिक्त इनपुट सब्सिडी राजीव गाँधी किसान न्याय योजना की 4 थी क़िस्त की राशि कब तक प्रदान की जाएगी ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

प्रदेश मे अवैध कालोनियों एवं कब्जा के प्राप्त प्रकरण

[आवास एवं पर्यावरण]

12. (*क्र. 63) श्री अजय चंद्राकर : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश मे वर्ष 1 जनवरी, 2020 से 30 नवंबर, 2023 तक किन-किन जिलों में कितनी-कितनी अवैध कॉलोनियों एवं कब्जा के प्रकरण प्राप्त हुये हैं? इनमें से कितने प्रकरण निराकृत कर दिये गये हैं और कितनी अवैध कालोनियों पर रोक लगाई गयी है व कितने अवैध कब्जाधारियों को हटाया गया है? कितने प्रकरणों में कानूनी कार्यवाही की गयी? जिलेवार बतायें? **(ख)** राजधानी रायपुर अंतर्गत वर्ष 1 जनवरी, 2020 से 30 नवंबर, 2023 तक कहां-कहां, किनके द्वारा, कब से अवैध कालोनियां निर्मित की जा रही हैं या इसके प्रकरण प्राप्त हुए हैं? इसके लिये शासन या प्रशासन द्वारा अब तक क्या-क्या कार्यवाही, कब-कब की गयी है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब एवं प्रपत्र-स** अनुसार है।

बस्तर संभाग में संचालित छात्रावास और आश्रम

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

13. (*क्र. 477) श्री कवासी लखमा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- बस्तर संभाग में कितने आश्रम छात्रावास संचालित हैं? जिलेवार जानकारी देवें? क्या उक्त आश्रम-छात्रावास अपने मूल स्थान पर संचालित हैं? यदि नहीं, तो क्यों? मूल स्थान पर कब से संचालित किये जाएंगे?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : बस्तर संभाग में 622 आश्रम, 511 छात्रावास संचालित है। जिलेवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। 126 आश्रम एवं 52 छात्रावास नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण अपने मूल स्थान पर संचालित नहीं है। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सात"]

मुंगेली विधान सभा क्षेत्र में आदिवासी विकास प्राधिकरण में शामिल गांव

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

14. (*क्र. 485) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या स्थानीय विधायक की अनुशंसा पर कलेक्टर, मुंगेली द्वारा मुंगेली विधानसभा क्षेत्र अतंर्गत मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण योजना में विकासखंड मुंगेली के 11 एवं विकासखंड पथरिया के 26, कुल 37 ग्राम, जो अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्राम हैं उनको शामिल किये जाने हेतु अनुमोदन किया गया है? यदि हां,तो ग्रामवार बतावें? **(ख)** प्रश्नांक "क" अनुसार क्या सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास एवं कलेक्टर, मुंगेली द्वारा प्रेषित प्रस्ताव को सचिव, मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण सह आयुक्त रायपुर संभाग द्वारा अनुशंसा उपरांत राज्य शासन को प्रेषित किया गया है? यदि हां, तो उपरोक्त 37 ग्रामों को मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण योजना में शामिल किये जाने की क्या कार्यवाही प्रचलित है? क्या उक्त ग्रामों को मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण में शामिल किये जाने के संबध में मंत्रिपरिषद की बैठक में कोई प्रस्ताव पारित कर भारत सरकार को अग्रेषित किया गया है? यदि हां, तो कब, नहीं तो क्यों तथा क्या भविष्य में होने वाले राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में शामिल किये जाने की योजना है? यदि हां, तो समयावधि बतावें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) कलेक्टर मुंगेली द्वारा 25 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जनजाति वाले 37 ग्रामों का नाम प्रस्तावित किया गया है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी हां। मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण योजना नियमावली अंतर्गत आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में आने वाले ग्रामों को ही शामिल किया गया है, कलेक्टर मुंगेली द्वारा प्रस्तावित ग्राम आदिवासी उपयोजना क्षेत्र के अंतर्गत नही हैं, फलस्वरूप कोई कार्यवाही प्रचलित नहीं है। अतः प्रश्न उपस्थित नहीं होता। **[संलग्न "परिशिष्ट - आठ"]**

पामगढ़ विधानसभा-क्षेत्रान्तर्गत पंजीयन कार्यालय में की गई रजिस्ट्री

[वाणिज्यिक कर]

15. (*क्र. 853) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पजीयन कार्यालय में वर्ष 2021-22 से 10 जनवरी, 2024 तक रजिस्ट्री के कितने प्रकरण प्राप्त हुए ? प्राप्त प्रकरणों में से कितने आवेदन का निराकरण किया गया ? कितने शेष हैं? **(ख)** क्या प्रश्नांकित अवधि में पंजीयन कार्यालय में बिना पक्षकार के उपस्थिति के रजिस्ट्री की शिकायतें प्राप्त हुई अथवा विभाग के संज्ञान में आया ? यदि हां तो दोषी कौन हैं व उन पर क्या कार्यवाही की गई? **(ग)** प्रश्नांकित अवधि में रजिस्ट्री में अनियमितता अथवा गलत रजिस्ट्री करने या गलत रजिस्ट्री रोकने की कितनी शिकायत/आवेदन प्राप्त हुए ? प्राप्त आवेदन/शिकायत पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ? कितने प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है ? कितने लंबित हैं ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पंजीयन कार्यालय में उक्त अवधि में कुल 4930 रजिस्ट्री के प्रकरण प्राप्त हुए थे, तथा प्राप्त दस्तावेजों में 4930 प्रकरण का निराकरण (पंजीयन) किया जा चुका है। **(ख)** जी नहीं। **(ग)** उक्त अवधि में रजिस्ट्री में अनियमितता के संबंध में एक शिकायत/आवेदन प्राप्त हुआ था। जिसकी जांच की गई, जिसमें पंजीयन प्रावधानों के अनुसार दस्तावेज पंजीबद्ध होने से प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया।

आदिमजाति कल्याण विभाग राजनांदगांव के अंतर्गत प्राप्त आबंटन से क्रय सामग्री

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

16. (*क्र. 907) श्री भोलाराम साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** वित्तीय वर्ष 2021-22 से दिनाक 31 दिसंबर, 2023 आदिम जाति कल्याण विभाग, राजनांदगांव को

सामग्री पूर्ति मद से, शासन से सामग्री खरीदी हेतु कितना आबंटन प्राप्त हुआ ? प्राप्त आबंटन से कितनी-कितनी राशि की क्या-क्या सामग्री खरीदी गई? वर्षवार, विकासखण्डवार, जानकारी देवें ? **(ख)** कंडिका " क" के अनुसार खरीदी गई सामग्री का किन-किन छात्रावास/ आश्रमों में वितरण किया गया ? वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''अ''**अनुसार है। **(ख)** कंडिका ''क'' के अनुसार खरीदी गई सामग्री का वित्तीय वर्ष 2021-22 की विकासखंड वार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''ब''**, वित्तीय वर्ष 2022-23 की विकासखंड वार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''स''** एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 की विकासखंड वार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''द''** अनुसार है।

बीज विकास निगम द्वारा उर्वरक, बीज, पेस्टीसाईड इत्यादि का क्रय

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

17. (*क्र. 764) सुश्री लता उसेंडी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या यह सही है कि अप्रैल, 2021 से नवम्बर, 2023 तक बीज विकास निगम द्वारा उर्वरक, बीज, संकर बीज (हाईब्रीड), पेस्टीसाईड, माईक्रोन्यूट्रीयेन्ट, बायो-फर्टिलाईजर का क्रय किया गया है? यदि हां, तो किस प्रक्रिया के अंतर्गत किया गया है? क्या प्राप्त सामग्री को नोटिफाईड (अधिसूचित) प्रयोगशाला में गुणवत्ता परीक्षण की शर्त रखी गई थी? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** कंडिका ''क'' अनुसार कितनी सामग्रियों के क्रय पश्चात् गुणवत्ता परीक्षण नोटिफाईड (अधिसूचित) प्रयोगशाला से नहीं कराया गया? वर्षवार, सामग्रीवार जानकारी देवें? इन सामग्रियों के लिये किन-किन फर्मो को, कितनी-कितनी राशि का भुगतान, किसके द्वारा किया गया है? वर्षवार, फर्मवार, राशिवार जानकारी देवें? **(ग)** विभाग द्वारा किस-किस प्रयोगशाला को उपरोक्त सामग्रियों की गुणवत्ता परीक्षण हेतु उक्त अवधि में अधिसूचित प्रयोगशाला निर्धारित किया गया ? प्रयोगशालावार, सामग्रीवार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) (ख) एवं **(ग) जानकारी संकलित की जा रही है।**

आश्रम-छात्रावासों में घटिया सामग्री की खरीदी की जांच

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

18. (*क्र. 609) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** भारत सरकार से संविधान के अनुच्छेद 275 (1) के तहत वर्ष 2020 से 2023 तक बस्तर, सरगुज़ा एवं बिलासपुर संभाग को कितनी राशि प्राप्त हुई है ? वर्षवार ज़िलेवार जानकारी देवें? **(ख)** उक्त अवधि में किन-किन फ़र्मों /एजेंसियों द्वारा कार्य किया गया है? उसकी भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की जानकारी देवें? **(ग)**क्या आदिम जाति विभाग के आश्रम छात्रावासों में घटिया सामग्री ख़रीदी कर सप्लायर एवं वेंडर को लाभ पहुँचाया गया है? यदि हाँ, तो क्या दोषी अधिकारियों एवं ठेकेदारों /वेंडरों के विरुद्ध जाँच कर कार्यवाही की जावेगी ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ग)** जी, नहीं।

[संलग्न "परिशिष्ट - नौ"]

छ.ग अधीनस्थ लेखा सेवा विभागीय परीक्षा भाग एक भाग दो का आयोजन

[वित्त]

19. (*क्र. 883) श्री रामकुमार यादव : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ अधीनस्थ लेखा सेवा विभागीय परीक्षा (कोषालय तथा अन्य विभागों के लिपिकों) के लिये भाग एक, भाग दो आयोजित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी कौन है ? वर्तमान में विभागीय परीक्षा लेने के लिये क्या वित्त विभाग की अनुमति की आवश्यकता है ? यदि हां, तो अनुमति क्यों नहीं दी जा रही है ? यदि नहीं तो विभागीय परीक्षा क्यों नही आयोजित की जा रही है तथा कब तक आयोजित की जावेगी? **(ख)** छत्तीसगढ़ अधीनस्थ लेखा सेवा विभागीय परीक्षा नियम में संशोधन प्रस्ताव के आधार पर विभागीय परीक्षा आयोजित नहीं करने का प्रावधान है ? यदि हां, तो प्रति वर्ष लोक सेवा आयोग के माध्यम से परीक्षा क्यों नही ली जा रही है ? यदि नहीं तो विभागीय कर्मचारियों के लिये परीक्षा क्यों आयोजित नहीं की जा रही है? **(ग)** कोषालय तथा अन्य विभागों के लिपिकों हेतु दिनांक 01.01.2024 की स्थिति में कितने पद रिक्त हैं? परीक्षा आयोजित नहीं करने पर सक्षम प्राधिकारी के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) छत्तीसगढ़ अधीनस्थ लेखा सेवा विभागीय परीक्षा (कोषालय तथा अन्य विभागों के लिपिकों) के लिये भाग एक, भाग दो आयोजित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी ''संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन छत्तीसगढ़'' है। वित्त निर्देश 12/2020 की कंडिका 2.1 एवं वित्त निर्देश 18/2023 के अनुसार रिक्त पदों को भरने के पूर्व वित्त विभाग की अनुमति आवश्यक है। अनुमति की कार्यवाही प्रक्रियारत है। **(ख)** जी नहीं। ऐसा प्रावधान नही है। विभागीय परीक्षा आयोजित करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। **(ग)** कोषालय तथा अन्य विभागों के लिपिकों हेतु दिनांक 01.01.2024 की स्थिति में रिक्त पदों की संख्या:-

विवरण	स्वीकृत पद	भरे पद	रिक्त पद
अन्य विभागों के लिपिकों हेतु	183	44	139
कोषालय के लिपिको हेतु	52	15	37
कुल योग	235	59	176

विभागीय भर्ती परीक्षा आयोजित करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने के कारण परीक्षा आयोजित नहीं करने पर सक्षम प्राधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही का प्रश्न उपस्थित नही होता है।

तहसील बाराद्वार में संचालित चूना भट्टियों से वायु प्रदूषण

[आवास एवं पर्यावरण]

20. (*क्र. 924) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** तहसील बाराद्वार में कितनी चूना भट्टियों की स्थापना तथा संचालन के लिए, किसको-किसको, अनुमति/सम्मति दी गई है ? वार्षिक क्षमता सहित बताएं ? **(ख)** क्या उपरोक्त चूना भट्टियों के द्वारा वायु प्रदूषण की शिकायतें प्राप्त हुई तथा उन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) तहसील बाराद्वार, जिला सक्ती में 01चूना भट्ठा मेसर्स गुरूश्री मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड को दिनांक 24/02/2018 द्वारा जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 तथा वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम,1981 के प्रावधानों के तहत् सम्मति प्रदान की गई है। जिसकी लाइम उत्पादन क्षमता 2,50,000 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष है। **(ख)** जी हाँ । **जानकारी "संलग्न प्रपत्र" अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - दस"]

महासमुंद जिले में आदिवासी छात्रावासों में रख-रखाव एवं उन्ननयन कार्य

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

21. (*क्र. 611) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- महासमुंद जिले में आदिवासी छात्रावासों में पिछले 2 वर्षों में रखरखाव एवं उन्ननयन कार्य के लिए कितनी राशि आबंटित की गयी और उनमें क्या-क्या कार्य किये गये ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : महासमुंद जिले अंतर्गत आदिवासी छात्रावासों में वर्ष 2021-22 में राशि रूपये 66.07 लाख एवं वर्ष 2022-23 में राशि रूपये 106.61 लाख आबंटित की गई है। कार्यों की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - ग्यारह"]

विधान सभा क्षेत्र मोहला-मानपुर में कृषकों हेतु संचालित योजनाएं

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

22. (*क्र. 91) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** विधानसभा क्षेत्र मोहला-मानपुर में कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए कौन-कौन सी योजनाएं संचालित की जा रही हैं? इनमें से 01 अप्रेल, 2020 से दिसम्बर, 2023 तक कुल कितने किसान पंजीकृत हुए हैं? **(ख)** विभाग द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ किसानों तक किस प्रकार पहुंचाया जा रहा है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विधानसभा क्षेत्र मोहला मानपुर से संबंधित विकासखण्ड-मोहला, मानपुर एवं अम्बागढ़ चौकी में कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।** 01 अप्रैल 2020 से दिसम्बर 2023 तक ऐसी विभागीय योजनाएं जिनमें कृषकों का पंजीकरण किया जाता है, के अंतर्गत 3,64,432 किसान पंजीकृत हुए है। वर्षवार] योजनावार एवं विकासखंडवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है। (ख)** विभाग द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुचाने हेतु अपनाई जाने वाली प्रक्रिया की **जानकारी संलग्न प्रपत्र -स अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - बारह"]

अमानक बीज, नकली उर्वरक व कीटनाशक दवाई विक्रय/भण्डारण की प्राप्त शिकायत

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

23. (*क्र. 868) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** 01 जनवरी, 2021 से दिनांक 15 जनवरी, 2024 तक छ0ग0 प्रदेश में अमानक बीज, नकली उर्वरक व कीटनाशक दवाई विक्रय/भण्डारण किये जाने के संबंध में किन-किन कंपनियों/व्यवसायियों के विरूद्ध शिकायत प्राप्त हुई है एवं शिकायत प्राप्ति पश्चात् किन-किन के विरूद्ध क्या-क्या कार्रवाई की गई है? जानकारी देवें ? **(ख)** उक्तावधि में किन-किन बीज कंपनियों के विरूद्ध खरीदे गये फसल की राशि तथा फसल क्षतिपूर्ति की राशि का भुगतान नहीं किये जाने की शिकायत प्राप्त हुई है एवं प्राप्त शिकायत पर उनके विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) 01 जनवरी, 2021 दिनांक 15 जनवरी, 2024 तक प्रदेश में अमानक बीज, नकली उर्वरक व नकली कीटनाशकों के विक्रय/भण्डारण के संबंध में विभिन्न कंपनियों/व्यवसायियों के विरूद्ध प्राप्त शिकायत एवं कृत कार्यवाही की आदानवार, वर्षवार, कंपनीवार व्यवसायीवार**जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ, प्रपत्र-ब एवं प्रपत्र-स अनुसारहै।(ख)** प्रश्नांकित अवधि में बीज कंपनियों के विरूद्ध फसल क्षतिपूर्ति की राशि का भुगतान नहीं किए जाने के संबंध में प्राप्त शिकायत एवं कृत कार्यवाही की वर्षवार, कंपनीवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द अनुसारहै।**

नया रायपुर प्रभावित किसानों के लिए गठित सशक्त समिति के निर्णयों का क्रियान्वयन

[आवास एवं पर्यावरण]

24. (*क्र. 126) श्री गुरू खुशवंत साहेब : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** नवा रायपुर, अटल नगर के प्रभावित भूस्वामियों के गठित सशक्त समिति की 11वीं एवं 12 वीं बैठक में क्या-क्या निर्णय लिये गये थे ? **(ख)** कंडिका ''क'' अनुसार सशक्त समिति की 11 वीं एवं 12 वीं बैठक में लिए गये निर्णयों में से कितने का क्रियान्वयन किया जा चुका है ? **(ग)** जिन निणर्यों का क्रियान्वयन नही किया जा सका है, उसे कब तक क्रियान्वित किया जावेगा ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**(ख)**11वीं बैठक में लिये गये 12 निर्णयों में से 09 तथा 12वीं बैठक में लिये गये 22 निर्णयों में से 19 का क्रियान्वयन किया जा चुका है।
(ग) निर्णयों पर सतत् कार्यवाही की जा रही है। निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है। **[संलग्न "परिशिष्ट - तेरह"]**

छ0 ग0 राज्य कृषक विपणन मंडी बोर्ड निधि एवं कृषि उपज मंडी समिति द्वारा स्वीकृत कार्य

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

25. (*क्र. 899) श्री दलेश्वर साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- क्या छ0 ग0 राज्य कृषक विपणन (मंडी) बोर्ड निधि एवं कृषि उपज मंडी समिति से वर्ष 2021 से 2023 तक निर्माण कार्य बाजार चबूतरा/ हाटबाजार/व्यावसायिक परिसर/एप्रोच रोड एवं अन्य निर्माण कार्य कराये जाने हेतु राशि स्वीकृति हुई थी ? यदि हां, तो राजनांदगांव जिला के कौन-कौन से मंडी क्षेत्र के ग्रामों में क्या-क्या निर्माण कार्य कराया जाना प्रस्तावित है एवं निर्माणाधीन प्रचलित हैं ? किये गये व्यय की जानकारी कार्यवार, स्वीकृत राशि, एजेंसीवार एवं उक्त कार्य के मूल्यांकन, सत्यापन पश्चात् राशि भुगतान की दिनांकवार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : जी हां, छ.ग. राज्य कृषक विपणन (मंडी) बोर्ड निधि एवं कृषि उपज मंडी समिति से वर्ष 2021 से 2023 तक निर्माण कार्य बाजार चबूतरा/हाटबाजार/व्यावसायिक परिसर/एप्रोच रोड एवं अन्य निर्माण कार्य कराये जाने हेतु राशि स्वीकृत हुई थी। जिला राजनांदगांव अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 से दिसंबर 2023 तक कुल स्वीकृत 393 कार्यो मे से 110 कार्य निर्माणाधीन है तथा 169 कार्य पूर्ण, 08 कार्य निरस्त 25 कार्यो के निरस्तीकरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन, 03 कार्य अप्रारंभ, 03 कार्य अनुबंध स्तर पर तथा 75 कार्यो की कार्यवाही निविदा स्तर पर है। निर्माणाधीन कार्यो में बोर्ड निधि अंतर्गत किये गये व्यय की जानकारी कार्यवार, स्वीकृत राशि, एजेंसीवार एवं उक्त कार्य केमूल्यांकन, सत्यापन पश्चात् राशि भुगतान की दिनांकवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार** तथा मंडी निधि अंतर्गतकार्यो की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार है।**

भाग-2

नियम 46(2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रुप में परिवर्तित तारांकित प्रश्नोत्तर

पंजीयन विभाग के द्वारा अभिलेखों के पंजीयन शुल्क पर अधिरोपित रोजगार एवं युवा विकास उपकर

[वाणिज्यिक कर]

1. (क्र. 34) श्री अजय चंद्राकर : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दिनांक 30 नवंबर, 2023 की स्थिति में पंजीयन विभाग के द्वारा अभिलेखों के पंजीयन शुल्क पर अधिरोपित रोजगार एवं युवा विकास उपकर लगाने का उद्देश्य क्या है? इससे प्राप्त राशि का उपयोग कौन-कौन से मदों में किया जाना था? इसके लिये क्या नियम-निर्देश बनाये गये हैं तथा राशि की स्वीकृति कराने की क्या प्रक्रिया है और यह उपकर कब से कब तक लगाया गया है? **(ख)** उक्त उपकर के लागू दिनांक से 30 नवंबर, 2023 तक कितनी राशि प्राप्त हुयी है? जिलावार बतायें? उनमें से कितनी राशि व्यय की जा चुकी है तथा कितनी राशि शेष है? क्या इसकी राशि का व्यय एवं उपयोग इसके नियमों के विरूद्ध अन्य कार्यो, मदों में किया गया ? यदि हां, तो कारण क्या हैं और क्या ऐसा किया जा सकता है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) दिनांक 30 नवंबर, 2023 की स्थिति में पंजीयन विभाग के द्वारा अभिलेखों के पंजीयन शुल्क पर अधिरोपित रोजगार एवं युवा विकास उपकर का उद्देश्य छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन तथा राजीव मितान क्लब योजना से संबंधित प्रयोजनों के लिए है। इससे प्राप्त राशि छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन तथा राजीव मितान क्लब योजना से संबंधित प्रयोजनों के लिए उपयोजित की जानी है। यह उपकर दिनांक 22 फरवरी, 2023 से लागू होकर वर्तमान में प्रभावशील है। **(ख)** उक्त उपकर लागू होने के दिनांक से 30 नवंबर 2023 तक कुल राशि रू. 4805.59 लाख प्राप्त हुई है। जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। शेष जानकारी **निरंक**है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौदह"]

गोधन न्याय योजना के अंतर्गत प्रदेश के पशुपालकों, गौठान समितियों को देय राशि

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

2. (क्र. 71) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- दिनांक 10 जनवरी, 2024 की स्थिति में गोधन न्याय योजना के अंतर्गत प्रदेश के कुल कितने पशुपालकों, गौठान समितियों एवं स्व-सहायता समूहों को कुल कितनी राशि का भुगतान किया जाना शेष है एवं राशि का भुगतान कब तक कर दिया जावेगा? जिलेवार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : प्रदेश मे गोधन न्याय योजना अंतर्गत 10 जनवरी 2024 की स्थिति में कुल 53,989 पशुपालकों को राशि रू. 414.86 लाख, 1,035 गोठान समितियों को राशि रू. 59.45 लाख एवं 1,736 स्व-सहायता समूहों को राशि रू. 485.32 लाख इस प्रकार **कुल राशि रु. 959.63 लाख** का भुगतान किया जाना शेष है। **जिलेवार विवरण संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** समय – सीमा बताया जाना संभव नहीं है ।
[संलग्न "परिशिष्ट - पन्द्रह "]

किसानों को लंबित बोनस राशि का भुगतान

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

3. (क्र. 173) श्री बघेल लखेश्वर : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में सरकार के द्वारा कितने किसानों के धान के लंबित बोनस की राशि उनके बैंक

खातों में डाली गई तथा कितने किसानों की बोनस राशि उनके बैंक खातों में डाला जाना शेष है? जिलेवार जानकारी देवें।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : बस्तर संभाग के जिलों में धान उत्पादन प्रोत्साहन योजना अंतर्गत वर्ष 2014-15 में 72531 कृषको के बैक खाते में प्रोत्साहन राशि हस्तांरित की गई है एवं 10882 कृषको के बैंक खाते में हस्तांतरण हेतु शेष है। वर्ष 2015-16 में 54555 कृषको के बैक खाते में प्रोत्साहन राशि हस्तांरित की गई है एवं 6764 कृषको के बैंक खाते में हस्तांतरण हेतु शेष है। वर्षवार, जिलावार, संस्थावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सोलह"]

सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में वितरित वन अधिकार पत्र

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

4. (क्र. 238) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में पिछले 3 वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिनांक 10/01/2024 तक कुल कितने हितग्राहियों को व्यक्तिगत और सामुदायिक वन अधिकार पत्र वितरित किए गए हैं ? हितग्राहियों के नाम सहित जानकारी बताएं ? **(ख)** प्रश्न ''क'' में उल्लेखित समयावधि के दौरान कितने प्रकरण लंबित हैं ? हितग्राहियों के नाम और कारण सहित ग्राम पंचायतवार जानकारी बताएं?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में पिछले 03 वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिनांक 10-01-2024 तक कुल 311 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र एवं 46 सामुदायिक वन अधिकार पत्र वितरित किए गए हैं। हितग्राहियों के नाम **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** लंबित प्रकरणों की संख्या निरंक है। प्रश्न उपस्थित नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्रह"]

मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत पंजीकृत कृषक

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

5. (क्र. 321) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र में दिनांक 31 दिसम्बर, 2023 की स्थिति में धान खरीदी हेतु कुल कितने किसान पंजीकृत हैं? इनमें से कितने सीमांत, लघु, अल्प सीमांत, मध्यम एवं कितने बड़े किसान हैं? जानकारी देने की कृपा करें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : मोहला- मानपुर विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विकासखण्डों में विपणन वर्ष 2023-24 में दिनांक 31 दिसम्बर, 2023 की स्थिति में धान खरीदी हेतु कुल 43,253 किसान पंजीकृत है। पंजीकृत किसानो मे से सीमांत, लघु एवं बड़े कृषकों की विकासखण्डवार जानकारी निम्नानुसार है।

क्र.	विकासखण्ड का नाम	कृषक श्रेणीवार संख्या			
		सीमांत कृषक	लघु कृषक	बड़े कृषक	योग
1	मोहला	5,853	5,708	3,508	**15,069**
2	मानपुर	4,109	5,454	2,518	**12,081**
3	अंबागढ़ चौकी	7,519	5,679	2,905	**16,103**
योग		**17,481**	**16,841**	**8,931**	**43,253**

कृषि विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों पर ACB एवं EOW में दर्ज प्रकरण व कृत कार्यवाही

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

6. (क्र. 396) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कृषि विभाग के कितने अधिकारियों/कर्मचारियों पर ACB एवं आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में वर्ष 2020-2021 से 31 दिसम्बर, 2023 के मध्य प्रकरण दर्ज किये गए ? नाम, पदनाम सहित जानकारी देवें ? **(ख)** उक्त अधिकारियों/कर्मचारी पर प्रकरण दर्ज होने के समय वे कहां-कहां पर, किस-किस पद पर, कब-कब से पदस्थ थे एवं उनका मूल पद विभाग में तत्समय क्या था ? वे वर्तमान में किन-किन पदों पर, कहां-कहां कार्यरत हैं ? **(ग)** प्रशांक "ख" के दर्ज प्रकरणों में संबधितों के पास कितनी-कितनी चल/अचल सम्प्पतियां होना पाया गया एवं विभाग द्वारा उनके ऊपर क्या-क्या कार्यवाही की गई ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : जानकारी **संलग्न प्रपत्र - ''अ'' , प्रपत्र - ''ब''** एवं **प्रपत्र - ''स''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठारह"]

जिला धमतरी अंतर्गत स्थित छात्रावास एवं आश्रमों के रखरखाव हेतु आबंटित एवं व्यय राशि

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

7. (क्र. 397) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2020-21 से 31 दिसम्बर, 2023 की स्थिति में धमतरी जिले के छात्रावास एवं आश्रमों के रखरखाव हेतु कितनी-कितनी राशि, किस-किस कार्य हेतु स्वीकृत की गई ? **(ख)** क्या प्रश्नांक "क" में स्वीकृत राशि का व्यय उसी मदवार किया गया ? यदि हां, तो किस-किस मद में कितनी-कितनी राशि व्यय की गई है? छात्रावास, आश्रमवार एवं मदवार जानकारी देवें ? **(ग)** क्या स्वीकृत राशि के व्यय संबंधी अनयमिता की शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां, तो क्या प्राप्त शिकायत की जाँच कराई एवं जाँच में क्या पाया गया, किन-किन दोषियों के विरूद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी हां। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** जी नहीं। प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्नीस"]

कृषि उपकरण एवं सामग्री का गुणवत्ता परीक्षण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

8. (क्र. 400) श्री धरमलाल कौशिक : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जनवरी, 2023 से प्रश्न दिनांक तक किन-किन उर्वरक, बीज, कृषि उपकरण और पेस्टीसाईड प्रदाय हेतु, किसे, कितनी मात्रा में, किस दर पर व कुल कितनी राशि हेतु क्रय आदेश जारी किया गया है? सामग्री कब प्रदाय की जानी थी, कब-कब, कितनी मात्रा में प्रदाय की गई और कितनी सामग्री निर्धारित समय-सीमा में प्रदाय नहीं की गई व क्यों? इसमें से कितनी सामग्री (बीज व उर्वरक) निर्धारित खरीफ/रबी सीजन के लिये आदेशित की गई, मगर उक्त खरीफ/रबी सीजन में प्राप्त नहीं हुई और उसके पश्चात् प्राप्त हुई? जिलेवार, सामग्रीवार व फर्मवार जानकारी देवें? **(ख)** प्राप्त सामग्री का गुणवत्ता परीक्षण कहां पर, किसके द्वारा कराया गया तथा परीक्षण की रिपोर्ट क्या प्राप्त हुई? क्या उक्तानुसार परीक्षण, निविदा/अनुबंधों की शर्तो के अनुसार प्रयोगशाला में कराया गया है? यदि नहीं तो किन-किन का नहीं कराया गया? **(ग)** जिन जिलों में सामग्री, निर्धारित समय में प्राप्त नहीं हुई है क्या उनके क्रय आदेश निरस्त किये जा रहे हैं? यदि नहीं, तो क्यों?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) (ख) एवं **(ग) जानकारी संकलित की जा रही है।**

<u>कांकेर जिले में नरवा गरवा घुरुवा बाड़ी योजना के स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति</u>

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

9. (क्र. 581) श्री आशा राम नेताम : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- कांकेर विधानसभा क्षेत्र में नरवा,गरवा ,घुरवा बाड़ी योजना के तहत वर्ष जनवरी, 2021 से दिसंबर, 2023 तक कितने कार्य स्वीकृत किए गए ? स्वीकृत किये गए कायों की अद्यतन स्थिति क्या है ? स्थानवार नाम सहित जानकारी देने का कष्ट करेंगे ? साथ ही प्रत्येक इकाई की लागत क्या है एवं वर्तमान में भुगतान की स्थिति क्या है? यदि भुगतान हुआ तो किस मद से कितनी राशि का भुगतान किस फर्म अथवा कार्य एजेंसी को दिया गया ? कार्ययोजना विवरण देने की कृपा करें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना पृथक से संचालित नहीं है। अपितु इन घटकों हेतु विभिन्न योजनाओं के अभिसरण से कार्य कराये जाते है। जनवरी, 2021 से दिसंबर, 2023 तक कांकेर विधानसभा क्षेत्र के संबंधित विकासखण्डों में नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी के विभिन्न घटकों के अंतर्गत कुल 1754 कार्य स्वीकृत किए गए है। जिसमें से 1707 कार्य पूर्ण तथा 47 कार्य अपूर्ण है। स्थानवार कार्य का नाम, इकाई लागत, वर्तमान भुगतान की स्थिति तथा फर्मवार/कार्य एजेंसीवार एवं मदवार भुगतान की स्थिति की जानकारी **पुस्तकालय में रखें प्रपत्र-अ अनुसार है।**प्रश्नांकित अवधि में वन विभाग द्वारा कांकेर वनमंडल में कैम्पा मद के तहत स्वीकृत वार्षिक कार्य योजना के तहत में नदी-नालों के पुर्नजीवन हेतु भू-जल संरक्षण कार्य अंतर्गत नरवा विकास में कुल 2,54,280 कार्य स्वीकृत किये गये, जिसकी स्थानवार नाम सहित, प्रत्येक इकाई की लागत, वर्तमान में भुगतान की फर्म अथवा कार्य एजेंसीवार तथा कार्यों की स्थिति, की जानकारी **पुस्तकालय में रखें प्रपत्र- ब अनुसार है।**वन विभाग के आवर्ती चराई क्षेत्र में गरवा विकास योजना के तहत् मनरेगा मद एवं जिला खनिज संस्थान न्यास निधि (डी.एम.एफ.) से पशु आश्रय स्थल निर्माण एवं मल्टी एक्टीविटी विकास कार्य के अंतर्गत कुल 19 कार्य स्वीकृत किये गए है। अद्यतन स्थिति **पुस्तकालय में रखें प्रपत्र- स अनुसार है।**संचालनालय उद्यानिकी अंतर्गत राज्य पोषित ''पोषण बाड़ी विकास योजना'' अंतर्गत कुल 4240 बाड़ियों के विकास कार्य पूर्ण किया गया है। बाड़ी विकास कार्य की विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखें प्रपत्र- द अनुसार है।** बाड़ी विकास योजना अंतर्गत प्रत्येक बाड़ी हेतु राशि रु. 1000.00 की इकाई लागत निर्धारित है। वर्तमान में योजनांतर्गत समस्त भुगतान का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। बाड़ी विकास कार्य हेतु राज्य पोषित पोषण बाड़ी योजना मद से राशि का भुगतान किया गया है। फर्म अथवा कार्य एजेंसी को राशि का भुगतान की जानकारी **पुस्तकालय में रखें प्रपत्र- द अनुसार है।** बाड़ी विकास कार्य की कृषकवार एवं ग्रामवार सूची **पुस्तकालय में रखें प्रपत्र- इ अनुसार है।**

<u>प्रदेश में जमीन पंजीयन कार्यालयों में रिकार्ड रखने हेतु दिया गया ठेका व भुगतानित राशि</u>

[वाणिज्यिक कर]

10. (क्र. 614) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)**विगत 03 वित्तीय वर्षो एवं प्रदेश में जमींन पंजीयन कार्यालयों में वर्तमान वित्तीय वर्ष हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्री एवं रिकार्ड रखने के लिए किस दर से, किस कम्पनी को कब तक के लिए ठेका दिया गया है? **(ख)** पिछले 03 वित्तीय वर्षो एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिसम्बर, 2023 तक उपरोक्त एजेंसी को कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया गया है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) विगत 03 वित्तीय वर्षों एवं प्रदेश में जमीन पंजीयन कर्यालयों में वर्तमान वित्तीय वर्ष हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्री एवं रिकार्ड रखने के लिए प्रति पृष्ठ रू. 43.50/-(जी.एस.टी. सहित) की दर से मेसर्स मार्स टेलीकॉम सिस्टम प्रायवेट लिमिटेड, कन्सोर्टियम पार्टनर मेसर्स आई.टी. साल्यूशन को

दिनांक 18 मार्च, 2024 तक के लिए ठेका दिया गया है। **(ख)** पिछले 03 वित्तीय वर्षों एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिसम्बर, 2023 तक उपरोक्त एजेंसी को वर्षवार भुगतान निम्नानुसार की गई है –

क्रं.	वर्ष	राशि (रूपये में)
1	2020-21	39,21,58,296
2	2021-22	33,10,75,078
3	2022-23	40,08,82,696
4	2023-24 (अप्रैल से नवंबर तक)	23,84,67,534
योग -		1,36,25,83,604

दिसम्बर, 2023 की राशि सेवा प्रदाता को भुगतान नहीं की गई है।

प्रदेश में बीज एवं खाद की आपूर्ति

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

11. (क्र. 634) श्री सुशांत शुक्ला : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में जनवरी, 2021 से प्रश्नांकित अवधि तक किन-किन कंपनियों द्वारा बीज एवं खाद की आपूर्ति, कितनी-कितनी मात्रा में की गई ? क्या आपूर्ति हेतु कार्यआदेश के लिए निविदा आमंत्रित की गई ? यदि हां, तो कितनी कंपनियों द्वारा निविदा में भाग लिया गया था ? कार्य आदेश किस-किस कंपनी को किन-किन शर्तो पर दिया गया ? निविदा में भाग लेने वाली कंपनी/एजेंसियों के संचालक के नाम, पता सहित, वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** क्या प्रश्नांश 'क' की आपूर्तिकर्ता फर्म/कंपनी को काली सूची में सम्मिलित किया गया था ? यदि हां, तो किन-किन कंपनियों को किन कारणों से ? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ग)** क्या प्रश्नांश 'ख' के काली सूची में सम्मिलित कुछ फर्मों/कंपनियों को सूची से बाहर कर पुनः खाद एवं बीज की आपूर्ति हेतु कार्य आदेश दिया गया था ? यदि हां, तो क्यों एवं कब-कब, किस नियम के तहत एवं किसकी अनुशंसा पर ? जिलेवार वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रदेश में छ.ग.राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित के माध्यम से रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति की जाती है। विपणन संघ द्वारा जनवरी 2021 से 24 जनवरी, 2024 तक प्रदेश में आपूर्ति किए गए रासायनिक उर्वरकों की वर्षवार, कंपनीवार मात्रा की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार** है। हॉ, विपणन संघ द्वारा राज्य स्तरीय उर्वरक क्रय समिति के अनुमोदन उपरांत निविदा आमंत्रित की जाती है। उर्वरकों की आपूर्ति हेतु कंपनियों को जारी कार्यादेश एवं शर्तो की वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार** है। प्रश्नाधीन अवधि में निविदा में भाग लेने वाली कंपनियों/एजेसिंयों के संचालक के नाम पता सहित वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स अनुसार** है। प्रदेश में प्रमाणित बीजों की आपूर्ति छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमि. द्वारा की जाती है। संचालनालय कृषि अंतर्गत जनवरी 2021 से प्रश्नांकित अवधि तक प्रदेश में आपूर्ति किए गए प्रमाणित बीज की वर्षवार, कंपनीवार मात्रा **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द अनुसार** तथा प्रदेश में आपूर्ति किए गए हाईब्रिड बीज एवं सूक्ष्म पोषक तत्व की वर्षवार, कंपनीवार मात्रा **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-इ अनुसार** है। आपूर्ति हेतु कार्य आदेश के लिए निविदा आमंत्रित नहीं की गई है। अतः शेष प्रश्नांश की जानकारी निरंक है। संचालनालय उद्यानिकी अंतर्गत छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमि. तथा नाफेड से प्राप्त कर एवं विभागीय रोपणियों में उत्पादित बीज का वितरण किया गया है। **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'क' एवं प्रपत्र-'ख'अनुसार है।** विभाग द्वारा सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित नहीं की गई है। **(ख)** प्रश्नांश **(क)** में उल्लेखित अनुसार रासायनिक उर्वरक आपूर्तिकर्ता फर्म/कंपनी को विपणन संघ द्वारा काली सूची में सम्मिलित नहीं किया गया है। बीज निगम द्वारा बीज आपूर्तिकर्ता फर्म/कंपनी में से काली सूची में सम्मिलित कंपनियों के नाम एवं कारण की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- ग अनुसार** है।**(ग)** प्रश्नांश **(ख)** में उल्लेखित काली सूची में सम्मिलित फर्मो/कंपनियों को सूची से बाहर कर पुनः खाद एवं बीज की आपूर्ति हेतु कार्य आदेश जारी किये जाने की जानकारी निरंक है।

जिला बालोद स्थित आश्रम शालाओं में कम्प्यूटर, प्रिंटर एवं फोटो कापी मशीन की खरीदी

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

12. (क्र. 684) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** आदिवासी विकास विभाग जिला- बालोद द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में आश्रम, शालाओं में कम्प्यूटर, प्रिंटर, फोटो कापी मशीन, प्रोजेक्टर खरीदने हेतु कब-कब निविदा आमंत्रित की गयी ? उक्त निविदा के आधार पर किन-किन एजेंसियों को, कितनी लागत के उपकरण सप्लाई हेतु कार्य आदेश प्रदान किये गये हैं? उक्त सामग्री कब प्राप्त हुई? सामग्री का सत्यापन किनके द्वारा किया गया? **(ख)** प्रश्नांश "क" के अनुसार क्या उक्त उपकरण की आपूर्ति करने वाली संस्थाओं को भुगतान किया गया है अथवा किया जाना शेष है, तो कितना?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) कोई निविदा आमंत्रित नहीं की गई। अतः निविदा के आधार पर एजेंसियों को उपकरण सप्लाई हेतु आदेश प्रदान किए जाने, सामग्री प्राप्त होने तथा सामग्री के सत्यापन का प्रश्न ही उपस्थित नही होता है। **(ख)** भुगतान का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

जांजगीर चांपा जिले में कृषि उपकरणों के प्रकरणों पर प्रदत्त अनुदान राशि

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

13. (क्र. 686) श्री बालेश्वर साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर चांपा जिले में वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में कृषि उपकरणों की खरीदी पर अनुदान के कितने प्रकरणों पर, कितनी राशि अनुदान के रूप में दी गई विकास खंडवार ब्यौरा दें ? **(ख)** कंडिका "क" के तहत किन-किन कृषि उपकरणों के लिए, किस दर पर अनुदान दिए जाने का प्रावधान है? **(ग)** कंडिका "क" के वर्षों में कितने-कितने किसानों को अनुदान दिए जाने का लक्ष्य रखा गया था? क्या लक्ष्य पूरा किया गया, नहीं तो क्यों? कृपया जानकारी से अवगत करावे?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) संचालनालय कृषि के अंतर्गत संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं में अनुदान पर वितरित कृषि यंत्र एवं उपकरणो पर जांजगीर-चांपा जिले में वर्ष 2021-22 में 2,071 प्रकरणों पर रू. 529.818 लाख एवं 2022-23 में 1,453 प्रकरणों पर रू. 1030.87 लाख अनुदान प्रदाय किया गया है। वर्षवार, योजनावार, विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार है।** संचालनालय उद्यानिकी के अंतर्गत वर्ष 2021-22 में 292 कृषको को कृषि यंत्र/उपकरण वितरण पर रू. 299.54 लाख अनुदान प्रदाय किया गया है। वर्ष 2022-23 में अनुदान पर कृषि यंत्रो/उपकरणों का वितरण नहीं किया गया है। वर्षवार, योजनावार, विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र द अनुसार है। (ख)** कंडिका ''क'' अनुसार संचालनालय कृषि द्वारा कृषको को विभिन्न योजनाओं में निहित प्रावधान के अनुसार अनुदान पर कृषि यंत्र/उपकरणो का वितरण किया गया है। वर्षवार, योजनावार, विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ब अनुसार** है। संचालनालय उद्यानिकी द्वारा कृषकों को जिला खनिज न्याज निधि मद से शत-प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र/उपकरणो का वितरण किया गया है। वर्षवार, योजनावार, विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र द अनुसार है। (ग)** कंडिका 'क' के वर्षो में संचालनालय कृषि द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कृषि यंत्र/उपकरणों के विरूद्ध निर्धारित लक्ष्य एवं लक्ष्य पूर्ति में कमी के कारणों की वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स अनुसार है।** संचालनालय उद्यानिकी द्वारा लक्ष्य अनुसार कृषकों को वितरित कृषि/यंत्र उपकरण की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र द अनुसार है।**

प्रदेश में गौठान योजना के अंतर्गत व्यय राशि

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

14. (क्र. 699) श्री मोतीलाल साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- प्रदेश में गौठान योजना के तहत कितने ग्रामों में गौठान का निर्माण किया गया है? इस योजना के तहत विगत 03 वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिनांक 10 जनवरी, 2024 तक किस मद से और कितनी राशि व्यय की गई हैं? जानकारी जिलेवार प्रदान करें? गौठान में कितने कर्मचारियों की नियुक्ति की गई और कितनी राशि का उन कर्मचारियों को माहवार, वर्षवार भुगतान किया गया, जिलेवार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : प्रदेश में अद्यतन 10,118 ग्रामों में गोठान का निर्माण किया गया है । विगत 03 वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिनांक 10 जनवरी, 2024 तक गोठान निर्माण हेतु व्यय की गई राशि की जानकारी **जिलेवार एवं मदवार पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है।** गोठानों में किसी भी कर्मचारी की नियुक्ति शासन स्तर से नहीं की जाती है।

अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित अनु.जाति/अनु.जनजाति छात्रावास

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

15. (क्र. 722) श्री इन्द्र कुमार साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किन-किन स्थानों पर अनु.जाति/अनु.जनजाति छात्रावासों का संचालन किया जा रहा है? प्रत्येक छात्रावासों में कितने-कितने विद्यार्थी निवासरत हैं? **(ख)** उक्त संचालित छात्रावासों में कौन-कौन से भवनविहीन हैं? **(ग)** भवनविहीन छात्रावासों के लिए भवन का निर्माण कब तक कर लिया जावेगा?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** शासकीय प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास अभनपुर एवं शासकीय प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास बेन्द्री विकासखण्ड अभनपुर भवनविहीन है। **(ग)** समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बीस"]

भारत सरकार जन जातीय कार्य मंत्रालय द्वारा विभाग को आबंटित राशि का उपयोग

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

16. (क्र. 765) सुश्री लता उसेंडी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में संविधान के अनुच्छेद 275(1) अंतर्गत भारत सरकार जन जातीय कार्य मंत्रालय ,नई दिल्ली द्वारा कितनी-कितनी राशि आबंटित कर उपलब्ध कराई गई व कितनी-कितनी राशि का उपयोग किन-किन विकास कार्यो एवं अन्य कार्यो में किया गया तथा कितनी राशि का उपयोग प्रचार-प्रसार में किया गया? विधानसभा क्षेत्रवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश "क" अनुसार स्वीकृत राशि व कार्यो के संबंध में शिकायत, किस-किस को की गई एवं किसके द्वारा जांच की गई है व क्या कार्यवाही की गई ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2023-24 में भारत सरकार से राशि की स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है अतः वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे प्रपत्र अनुसार है। **(ख)** वर्ष 2021-22 में नारायणपुर जिले में स्वीकृत छात्रावास/आश्रमों में स्ट्रीट लाईट की स्थापना कार्य की शिकायत कलेक्टर जिला नारायणपुर छ.ग. को की गई, प्राप्त शिकायत की जांच हेतु कलेक्टर, जिला नारायणपुर द्वारा जांच समिति गठित की गई है, जांच समिति से प्रतिवेदन अपेक्षित होने से कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

प्रदेश में उर्वरक, बीज,पेस्टीसाईड इत्यादि के गुणवत्ता परीक्षण हेतु अधिसूचित प्रयोगशालाएं

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

17. (क्र. 789) श्री राजेश मूणत : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में उर्वरक, बीज, संकर बीज (हाईब्रीड), पेस्टीसाईड, माईक्रो न्यूट्रीयेन्ट, बायो-फर्टिलाईजर की गुणवत्ता परीक्षण हेतु कौन-कौन सी प्रयोगशाला को अप्रैल, 2021 से नवम्बर, 2023 तक अधिसूचित माना गया है?प्रयोगशालावार व सामग्रीवार जानकारी देवें? **(ख)** क्या यह सही है कि कंडिका "क" अवधि में विभाग द्वारा अनेक नमूनों को अधिसूचित प्रयोगशाला में नहीं भेजा गया तथा कई नमूनों का प्रयोगशाला में परीक्षण ही नहीं कराया गया और भुगतान कर दिया गया? यदि हां, तो किन सामग्रियों का परीक्षण नहीं कराया गया या अधिसचित प्रयोगशाला में नहीं कराया गया? जबकि अनुबंध/निविदा/आर.सी.ओ. में इसका प्रावधान था तथा संबंधित फर्मो को किस आधार पर, किसके द्वारा, कितना भुगतान किया गया? सामग्रीवार, राशिवार, फर्मवार व भुगतानकर्ता अधिकारीवार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) एवं **(ख) जानकारी संकलित की जा रही है।**

बीज निगम द्वारा हाईब्रीड सब्जी बीज के लिए निकाली गई निविदा

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

18. (क्र. 790) श्री राजेश मूणत : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सही है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में बीज निगम द्वारा आरसीओ-09 हाईब्रिड मक्का व आरसीओ-62 हाईब्रिड सब्जी बीज के लिये निविदा निकाली गई थी? यदि हॉ, तो निविदा कब निकाली गई थी व उसकी अंतिम तिथि क्या थी व क्या उसमें 2-3 बार समयावधि में वृद्वि की गई? यदि हॉ, तो समयावधि में कितनी- कितनी वृद्धि की गई व क्यों? दिनांकवार जानकारी देवें ? **(ख)** इन निविदाओं में फर्म हेतु टर्नओवर की शर्ते क्या थी? क्या यह सही है कि उक्त आंमत्रित निविदा में मक्का हेतु 90 लाख व सब्जी बीज हेतु 2 करोड़ का टर्नओवर मांगा गया था जिसे शुद्धि पत्र के माध्यम से 25 लाख कर दिया गया? यदि हॉ, तो शुद्धि-पत्र कब-कब जारी किया गया तथा टर्नओवर की राशि कम करने के कारण क्या थे तथा सक्षम अधिकारी/समिति से इस हेतु किस दिनांक को,किससे अनुमोदन प्राप्त किया गया? **(ग)** क्या यह सही है कि उक्त निविदा हेतु 3 बार अंतिम तारीख बढ़ाकर 10 जुलाई, 2023 की गई तथा सफल निविदाकर्ता को सेल लाईसेंस भी 10 जुलाई, 2023 को जारी हुआ है? यदि नहीं, तो कब? तिथियों में वृद्धि तथा टर्नओवर कम क्यों किया गया है एवं इसके लिये जिम्मेदार कौन है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी हां, यह सही है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में बीज निगम द्वारा आर.सी.ओ.-09 हाइब्रिड मक्का व आर.सी.ओ.-62 हाइब्रिड सब्जी बीज के लिये निविदा निकाली गई थी। उक्त निविदा का प्रकाशन दिनांक 25.05.2023 को की गई तथा निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि दिनांक 25.06.2023 थी। आर.सी.ओ.-09 एवं आर.सी.ओ.-62 हेतु निविदा आमंत्रण में अल्प प्रतिभागिता तथा नवीन स्टार्टअप एवं छत्तीसगढ़ के नवोदित बीज उत्पादकों को आर.सी.ओ.में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए समयावधि 02 बार बढ़ाई गयी है, जिसमें प्रथम शुद्धि पत्र दिनांक 16.06.2023 को जारी करते हुए तिथि 07 दिवस बढाते हुए दिनांक 23.06.2023 तथा द्वितीय शुद्धि पत्र दिनांक 03.07.2023 को जारी कर निविदा भरने की तिथि 07 दिवस बढ़ाते हुए दिनांक 10.07.2023 तक बढ़ाई गई। **(ख)**आमंत्रित निविदाओं में फर्म हेतु टर्नओवर की शर्ते मक्का हेतु 90 लाख व सब्जी बीज हेतु 2 करोड़रखी गई थी । यह सही है कि आमंत्रित निविदा का टर्नओवर शुध्दि पत्र के माध्यम से25 लाख (तीन वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 को मिलाकर) किया गया है। शुध्दि पत्र दिनांक 16.06.2023 तथा 03.07.2023 को जारी किया गया। नवीन स्टार्टअप तथा छत्तीसगढ़ के नवोदित बीज उत्पादकों को आर.सी.ओ.में भाग लेने हेतु टर्नओवर की राशि कम की गई। नवीन टर्नओवर कम करने हेतु दिनांक 03.07.2023 को सक्षम अनुमोदन प्राप्त किया गया है। **(ग)** यह सही नही, है कि निविदा में 03 बार तिथि परिवर्तन किया गया, अपितु केवल 02 बार शुद्धि पत्र जारी करते हुए अंतिम तारीख बढ़ाकर 10 जुलाई 2023 की गई है। सफल निविदाकर्ता का सेल लाईसेंस

भी 10 जुलाई 2023 को जारी हुआ है। टर्नओवर कम कर शुद्धि पत्र जारी किये जाने पर निविदाकारों को निविदा में भाग लेने हेतु तिथियों में वृध्दि किया जाना निविदा की प्रक्रिया है, इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी श्री करुणानिधि पाणिग्रहि, उप प्रबंधक, बिलासपुर तात्कालिन शाखा प्रभारी (आर.सी.ओ.) है, जिन्हें आर.सी.ओ शाखा में कई वर्षों से सतत् कार्य अनुभव के बावजूद टर्न ओवर कम कराने व अन्य निविदा शर्तों के परिवर्तन हेतु बिना प्रमाणिक आधार के साथ मिति के समक्ष गलत प्रस्तुतीकरण तथा मुख्यालयीन निर्देशों की अवहेलना कर कार्यों के प्रति घोर लापरवाही बरतने के कारण बीज निगम द्वारा निलंबित किया गया है।

धान उत्पादन पर प्रोत्साहन राशि का वितरण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

19. (क्र. 851) डॉ. चरण दास महंत : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में दिनांक 10 जनवरी, 2024 की स्थिति में धान उत्पादन पर प्रोत्साहन राशि के लिए पात्र किसानों की संख्या, धान की मात्रा, संभावित व्यय तथा वितरित राशि का विवरण जिलावार, वर्षवार बताएं, प्रति क्विंटल दर भी बताएं ? **(ख)** पात्र किसानों में से कितने किसानों को कितनी राशि का वितरण, किन कारणों से नहीं हो सका, जिलेवार तथा वर्षवार बताएं ? **(ग)** क्या इसके लिए केंद्र सरकार के अनुमति की आवश्यकता थी ? यदि हां तो कब प्राप्त हुई ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में धान उत्पादन पर प्रोत्साहन राशि प्रदाय किये जाने की कोई योजना विभाग द्वारा संचालित नहीं है। अतः शेष जानकारी निरंक है। **(ख)** 'क' के परिपेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता। **(ग)** 'क' के परिपेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत किसानों को चौथी किस्त का भुगतान

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

20. (क्र. 862) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या राजीव गांधी किसान न्याय योजना को बंद कर दूसरे नाम से योजना प्रारंभ की गई है ? यदि हां, तो कब से तथा नवीन योजना का नाम बतावें ? **(ख)** क्या राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में खरीदे गए धान की चौथी किस्त की राशि का भुगतान किसानों को किये जाने की बाध्यता है ? यदि हां, तो कुल देय राशि कितनी है ? कब तक चौथी किस्त का भुगतान कर दिया जावेगा ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी नहीं। **(ख)** राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2022-23 में आदान सहायता की चौथी किस्त की राशि रू. 1975 करोड़ भुगतान हेतु शेष है। भुगतान की समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

गुरूर एवं बालोद तहसील अंतर्गत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

21. (क्र. 869) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** गुरूर एवं बालोद तहसील के अंतर्गत कितने किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसल बीमा कराया? वर्षवार, मौसमवार बीमित कृषक एवं दावा भुगतान से लाभान्वित कृषकों की तहसीलवार जानकारी देवें? **(ख)** उक्तावधि में कितने कृषकों का बीमा दावा भुगतान/क्षतिपूर्ति भुगतान हेतु आवेदन विभाग को प्राप्त हुए? प्राप्त आवेदनों पर विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गई? कितने आवेदन भुगतान हेतु लंबित हैं ? जानकारी देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) गुरुर एवं बालोद तहसील में वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत कुल 1,14,827 एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा

योजनांतर्गत कुल 287 किसानों द्वारा फसलों का बीमा कराया गया है। योजनावार वर्षवार, मौसमवार, बीमित कृषक एवं दावा भुगतान से लाभान्वित कृषकों की तहसीलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-'अ' एवं प्रपत्र-'ब' अनुसार है। (ख)** प्रश्नांश 'क' की अवधि मे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत 14 किसानों से बीमा दावा भुगतान/क्षतिपूर्ति भुगतान हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। जिन्हें क्रियान्वयक बीमा कम्पनी द्वारा पात्रता अनुसार दावा भुगतान कर दिया गया है। मौसमवार, तहसीलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र ''स'' अनुसार है।**पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजनांतर्गत क्षतिपूर्ति भुगतान हेतु कृषकों को पृथक से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होती अपितु स्वचलित मौसम केन्द्रों से वास्तविक मौसमी आंकड़ों एवं टर्मशीट में उल्लेखित मानक आंकड़ों की तुलना कर प्राप्त विचलन के आधार पर बीमा दावा राशि का भुगतान किया जाता है। वर्ष 2023-24 में खरीफ टमाटर फसल के बीमा दावा राशि के गणना का कार्य प्रक्रियाधीन है। शेष फसलों की फसल अवधि समाप्त नहीं हुई है। फसल अवधि के समाप्ति उपरांत बीमा दावा राशि की गणना कर नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी। मौसमवार, तहसीलवार, **जानकारी संलग्न प्रपत्र ''ब'' अनुसार है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - इक्कीस"]

विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर में कृषकों हेतु कृषि यंत्रों का क्रय

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

22. (क्र. 882) श्री रामकुमार यादव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2020-21 से प्रश्नावधि तक शाकम्भरी योजना, किसान समृद्धि योजना, राष्ट्रीय खाद्य मिशन एवं अन्य योजनाओं के तहत किसानों को प्रशिक्षण एवं कृषि यंत्रों का क्रय कर वितरण हेतु कितनी राशि स्वीकृत/वितरित की गयी है ? वि.खं.वार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्न 'क' के अनुसार कृषि यंत्रों के क्रय हेतु आबंटित राशि से किस-किस संस्था/फर्म से कितनी-कितनी मात्रा में कृषि यंत्र, किस आधार पर क्रय किए गए हैं ? संस्थावार, वि.खं.वार जानकारी देवें? **(ग)** क्या किसानों को उनके आवेदन के आधार पर सामग्री प्रदान की गयी है ? यदि कुछ प्रकरण लंबित हैं तो उनका निराकरण कर हितग्राही को कब तक लाभ दिया जावेगा? विवरण देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) संचालनालय कृषि अंतर्गत चंद्रपुर विधानसभा से संबंधित विकासखंडों मालखरौदा एवं डभरा में वर्ष 2020-21 से वर्ष 2023-24 दिनांक 24.01.2024 तक प्रशिक्षण पर कुल राशि रू. 7.96 लाख एवं क्रय कर कृषि यंत्र वितरण हेतु कुल राशि रू. 518.689 लाख व्यय किया गया। वर्षवार, विकासखण्डवार विवरण क्रमशः **संलग्न प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब** अनुसार है। संचालनालय उद्यानिकी अंतर्गत प्रश्नाधीन अवधि में किसानों को किसी भी विभागीय एवं अन्य योजनाओं के तहत प्रशिक्षण प्रदाय नहीं किया गया है। केवल वर्ष 2021-22 में डी.एम.एफ. योजना के तहत 60 कृषि यंत्र वितरण किया गया है। शेष वर्षों में यन्त्र क्रय/वितरण की जानकारी निरंक है। वितरित यंत्रों का विकासखंडवार विवरण **संलग्न प्रपत्र-स** अनुसार है। **(ख)** जिला खनिज न्यास मद के अंतर्गत जिला खनिज न्यास परिषद से प्राप्त प्रशासकीय स्वीकृति के आधार पर कृषि यंत्रों का क्रय छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमि. से किया गया है। संचालनालय कृषि एवं संचालनालय उद्यानिकी अंतर्गत क्रय सामग्री का विकासखंडवार विवरण क्रमशः **संलग्न प्रपत्र-ब** एवं **प्रपत्र-स** अनुसार है। **(ग)** संचालनालय कृषि एवं संचालनालय उद्यानिकी द्वारा किसानों को उनकी मांग के आधार पर सामग्री प्रदाय की गयी है, तथा कोई भी प्रकरण शेष नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बाईस"]

किसानों को लंबित बोनस देने का प्रावधान

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

23. (क्र. 900) श्री दलेश्वर साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या ''कृषक वंदना योजना'' के तहत् किसानों को लंबित बोनस देने का प्रावधान है ? यदि हां, तो विधानसभा क्षेत्र डोंगरगांव के अंतर्गत कौन-कौन से वर्ष को आधार मानते हुए, कितने किसानों को, कितनी मात्रा की धान

खरीदी का आधार मानकर बोनस का वितरण किया गया है? विकासखण्डवार, धान उपार्जनवार, सहकारी समितिवार, ग्रामवार, धान विक्रय एवं राशिवार जानकारी देवें।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : विभाग के अधीन ''कृषक वंदना योजना'' नाम की कोई योजाना संचालित नहीं है, अतः शेष जानकारी निरंक है।

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में फ़सल बीमा का भुगतान

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

24. (क्र. 910) श्री भोलाराम साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खरीफ वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक कितने किसानों की फसलों का बीमा किया गया है ? फसल बीमा हेतु किन-किन बीमा कंपनियों को अधिकृत किया गया है ? वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका"क" के अनुसार क्या किसानों को फसल बीमा का भुगतान कर दिया गया है ? यदि नहीं, तो कब तक भुगतान की कार्यवाही की जाएगी ? कारण सहित जानकारी देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) फसल बीमा योजनाओ में जानकारी का संधारण तहसीलवार किया जाता है। वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक खुज्जी विधानसभा से संबंधित तहसील अंबागढ़ एवं छुरिया में कृषि फसलो हेतु संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत 1,63,371 कृषको तथा उद्यानिकी फसलो हेतु संचालित पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत 3,630 कृषको का विभिन्न क्रियान्वयक बीमा कंपनी के द्वारा बीमा किया गया है। बीमित कृषकों की संख्या की वर्षवार, तहसीलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अ एवं प्रपत्र ब अनुसार है। (ख)** कंडिका "क" अनुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजनांतर्गत कृषकों को किये गये भुगतान, लंबित भुगतान के कारण एवं बीमा दावा भुगतान की समय-सीमा की तहसीलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-'स' एवं प्रपत्र-'द' अनुसार है।** लंबित भुगतान से संबंधित कृषकों के सही खाता विवरण एवं राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल (डी.जी.क्लेम) में कृषकों के खाता विवरण सत्यापित होने के उपरांत भुगतान किया जा सकेगा, अतः समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तेईस"]

बीजापुर विधानसभा क्षेत्र में संचालित छात्रावास

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

25. (क्र. 911) श्री विक्रम मंडावी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बीजापुर विधानसभा क्षेत्र में कहां-कहां बालक/कन्या आश्रम शालाएं तथा बालक/कन्या छात्रावास संचालित हैं? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के तहत कितने आश्रम /छात्रावास के पास स्वयं के भवन नहीं हैं ? क्या भवनविहीन आश्रम /शालाओं के लिए नये भवन बनाने की योजना है? क्या इसे समयसीमा में किया जाएगा ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख) 26** आश्रम एवं **04** छात्रावास भवन विहीन है। भवन विहीन आश्रम/शालाओं के नये भवन बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौबीस"]

वन अधिकार पट्टा वितरण

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

26. (क्र. 912) श्री विक्रम मंडावी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** 15 जनवरी, 2024 तक कितने वन अधिकार पट्टे (पत्र) वितरित किये जा चुके हैं,? व्यक्तिगत (वर्गवार) तथा सामुदायिक का पृथक-पृथक वर्षवार बताएं एवं रकबा भी बताएं? **(ख)** कितने पात्र व्यक्ति तथा समुदायों को वन अधिकार पट्टा (पत्र) दिया जाना प्रक्रियाधीन हैं ? कितने प्रकरण अपात्रता के कारण अस्वीकृत किये गये हैं ? **(ग)** शासन-द्वारा 5 लाख वन अधिकार पट्टा वितरण करने के लक्ष्य की पूर्ति की कार्यवाही को कब से प्रारंभ किया जाएगा तथा कब तक पूर्ण किया जाएगा ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी संकलित की जा रही है। (ख) व्यक्तिगत वन अधिकार अंतर्गत 1,284 पात्र (स्वीकृत) दावों में तथा सामुदायिक वन अधिकार अंतर्गत 88 पात्र (स्वीकृत) दावो मे वन अधिकार पत्र जारी किया जाना प्रक्रियाधीन है। अपात्रता के कारण व्यक्तिगत वन अधिकार के 3,70,862 दावे एवं सामुदायिक वन अधिकार के 3,491 दावे अस्वीकृत हुए हैं। **(ग)** वन अधिकारों की मान्यता एवं वन अधिकार पत्रों के वितरण की कार्यवाही एक सतत् प्रक्रिया है। अतः निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

प्रदेश में किसानों से धान खरीदी

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

27. (क्र. 916) श्री इंद्र साव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में वर्ष 2023-24 में धान बेचने के लिए कितने किसानों ने पंजीयन कराया है ? इसमें कुल पंजीकृत रकबा कितना है ? **(ख)** विगत वर्ष प्रदेश में धान बेचने के लिए कितने किसानों ने पंजीयन कराया था ? **(ग)** केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर, किस दर पर किसानों से धान की खरीदी की जा रही है ? क्या किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की जा रही है ?यदि हॉ, तो प्रश्नावधि तक कुल कितने किसानों से कितने मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है? **(घ)** प्रदेश में किसानों से प्रति क्विंटल 3100 रूपये में धान की खरीदी की जा रही है या केन्द्र सरकार के समर्थन मूल्य के दर पर खरीदी की जा रही है? यदि केंद्र सरकार के समर्थन मूल्य पर क्रय की जा रही है, तो अंतर की राशि किसानों को कब तक भुगतान करेंगे ? समय सीमा बताएं ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रदेश में वर्ष 2023-24 में धान/ धानबीज विक्रय हेतु पंजीकृत किसानों की संख्या एवं रकबा की जानकारी निम्नानुसार है-

क्र.	संस्था	पंजीकृत किसान संख्या	पंजीकृत रकबा (हेक्ट)
1	छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स)	2662414	3334634.97
2	छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमि.	4436	10518.065
योग		**26,66,850**	**3345153.035**

(ख) विगत वर्ष 2022-23 में सहकारी समितियों में 24,97,991 किसानों तथा बीज उत्पादन कार्यक्रम अंतर्गत धान बीज विक्रय हेतु 6,290 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया था।**(ग)** वर्तमान में केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (धान सामान्य 2183 रूपयें प्रति क्विंटल तथा धान ग्रेड ए 2203 रूपयें प्रति क्विंटल) पर धान की खरीदी की जा रही है।किसानों से अधिकतम 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की जा रही है। दिनांक 29.01.2024 तक कुल 23.96 लाख किसानों ने 136.62 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी हैं। छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमि. अंतर्गत खरीफ वर्ष 2023 में कृषक प्रक्षेत्रों पर लिए गए बीज उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत उपार्जित बीजों के बीज उत्पादन कार्यक्रम अंतर्गत दिनांक 24.01.2024 तक कुल 3,15,384 क्विंटल धान बीज का उपार्जन किया जा चुका है। **(घ)** प्रदेश में किसानों से केन्द्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य के दर पर खरीदी की जा रही है । शेष प्रश्नांश उपस्थित नही होता है।

जिला जांजगीर-चाम्पा में फ्लाई एश का उत्पादन एवं निराकरण

[आवास एवं पर्यावरण]

28. (क्र. 925) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला जांजगीर-चाम्पा के संयंत्रों से प्रतिमाह कितनी-कितनी मात्रा में फ्लाई एश उत्पन्न होता है तथा वर्ष 2021-22, 2022-23,2023-24 में 31 दिसम्बर 2023 तक में कितनी-कितनी मात्रा में फ्लाई एश उत्पन्न हुआ? संयंत्रवार बताएं ? **(ख)** उक्त अवधि में एश का निराकरण/उपयोग संयंत्रवार किस-किस प्रकार से, कितनी-कितनी मात्रा में किया गया? नियमों का पालन करने के चूककर्ता संयंत्र कौन-कौन से हैं तथा उनके विरूद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई तथा की जा रही है? **(ग)** फ्लाई एश का निराकरण नियमानुसार किया जा रहा है या नहीं, इसे सुनिश्चित् करने के लिए संयंत्रवार किन-किन अधिकारियों को आदेशित किया गया है? उनके द्वारा विगत तीन वर्षों में कब-कब संयंत्रों का निरीक्षण किया गया है ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)जिला-जांजगीर-चांपा में संचालित एकल/केप्टिव ताप विद्युत संयंत्रों से वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 (31दिसंबर,2023 तक) उत्पन्न फ्लाई ऐश की माहवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ के कॉलम-4 अनुसार** है।**(ख)**प्रश्नाधीन अवधि में संचालित एकल/केप्टिव ताप विद्युत संयंत्रों द्वारा उत्पन्न फ्लाई ऐश का किये गये उपयोग सम्बन्धी संयंत्रवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ के कॉलम-5 से 9 अनुसार** है। नियमो का पालन करने में चूककर्ता विद्युत संयंत्रों के नाम तथा उन पर की गई कार्यवाही की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार** है।**(ग)**फ्लाई ऐश के नियमानुसार निपटान की निगरानी हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारी / कर्मचारियों द्वारा समय-समय पर एकल/केप्टिव ताप विद्युत संयंत्रों का निरीक्षण किया जाता है। विगत तीन वर्षों में किये गये निरीक्षण के संबंध में **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स अनुसार** है।

भाग-3

अतारांकित प्रश्नोत्तर

प्रदेश सरकार द्वारा लिये गये ऋण व उन पर ब्याजों व मूलधन की अदायगी

[वित्त]

1. (क्र. 64) श्री अजय चंद्राकर : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** 30 नवबंर 2023, की स्थिति में राज्य सरकार द्वारा लिए गए ऋण की राशि में से सरकार द्वारा कितना-कितना प्रतिशत राजस्व व पूंजीगत व्यय हेतु उपयोग किया जा सकता है? **(ख)** 30 नवंबर, 2023 की स्थिति में प्रदेश सरकार का कुल कितना ऋण है, और यह 2023 मुख्य बजट का कितना प्रतिशत होता है? उसकी ब्याज अदायगी प्रतिवर्ष की दर से कितनी है? **(ग)** 10 दिसंबर, 2018 से 30 नवंबर, 2023 की स्थिति में राज्य सरकार द्वारा कितना ऋण, किन-किन संस्थाओं से किस दर पर, कितनी अवधि के लिये, कब-कब, किन-किन उदेश्यों के लिये लिया गया है? उनमें से कितनी-कितनी राशि का उपयोग राजस्व एवं पूंजीगत व्यय में किया गया? **(घ)** 10 दिसंबर, 2018 से 30 नवंबर, 2023 तक प्रत्याभूति ऋण किन-किन निगम-मंडल/बोर्ड द्वारा कितना ऋण, कितनी अवधि के लिए लिया गया है? उनमें से मूलधन की कितनी राशि की अदायगी हो चुकी है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) लिये जाने वाले ऋण के राजस्व एवं पूंजीगत व्यय हेतु उपयोग के संबंध में कोई प्रतिशत निर्धारित नहीं है। **(ख)** 30 नवंबर, 2023 की स्थिति में प्रदेश सरकार पर कुल 91,520 करोड़ का ऋण है, और यह 2023 मुख्य बजट का 75.32 प्रतिशत है। अलग-अलग समय पर लिये गये ऋण की ब्याज दर अलग-अलग है। कुल ऋण पर किये गये वार्षिक ब्याज भुगतान के आधार पर औसत ब्याज दर 7.60 प्रतिशत है। **(ग)** महालेखाकार से अनंतिम लेखों की जानकारी मासिक रूप से प्राप्त होता है अतः 1 दिसंबर 2018 से 30 नवंबर 2023 की स्थिति में राज्य के विकासमूलक कार्यो हेतु लिये गये ऋण की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार हैं। ऋण राज्य के समग्र संसाधन का भाग है एवं लिये गये ऋणों में से व्यय का राजस्व एवं पूंजीगत व्यय के रूप में one to one mapping नही किया जाता है। अतः जानकारी दिया जाना संभव नहीं है। **(घ) विभागों से जानकरी संकलित की जा रही है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - पच्चीस"]

प्रदेश के कृषकों के लिये संचालित योजनायें

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

2. (क्र. 65) श्री अजय चंद्राकर : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** 30 नवंबर, 2023 की स्थिति में प्रदेश के किसानों के लिये केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की कौन-कौन सी योजनायें, संचालित हैं? उनमें कौन-कौन सी योजनायें केन्द्र व राज्य पोषित हैं तथा उनमें केन्द्रांश व राज्यांश अनुपात कितना है? **(ख)** वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक उक्त योजनाओं के लिये राज्य सरकार द्वारा कितनी-कितनी राशि बजट में रखी गयी थी और कितनी राशि व्यय की गयी तथा कितनी राशि विलुप्त (लेप्स) हुयी? वहीं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लिये कितनी राशि प्राप्त हुई थी? उनमें से कितनी व्यय की गयी? कितनी राशि वापस कर दी गयी थी? वर्षवार योजनावार बतायें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) 30 नवम्बर, 2023 की स्थिति में प्रदेश के किसानों के लिये संचालनालय कृषि एवं संचालनालय उद्यानिकी अंतर्गत केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाए एवं उनमें केन्द्रांश व राज्यांश के अनुपात की **जानकारी पुस्तकालय में रखे क्रमशः प्रपत्र अ एवं ब अनुसार है। (ख)** वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक संचालनालय कृषि एवं

संचालनालय उद्यानिकी के योजनाओं के लिये सरकार द्वारा बजट में रखी गई राशि, व्यय राशि तथा विलुप्त (लेप्स) हुई राशि एवं केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं में वर्षवार प्राप्त राशि, व्यय राशि एवं वापस की गई राशि की **जानकारी पुस्तकालय में रखे क्रमशः प्रपत्र स एवं द अनुसार है।**

नया रायपुर से प्रभावित किसानों को वार्षिक भुगतान के अनुबंध संबंधी

[आवास एवं पर्यावरण]

3. (क्र. 125) श्री गुरू खुशवंत साहेब : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या नवा रायपुर अटल नगर के प्रभावित भूस्वामियों को वार्षिक राशि के भुगतान का कोई अनुबंध है ? **(ख)** यदि हॉ, तो कितने भूस्वामियों से कितनी- कितनी वार्षिक राशि भुगतान किये जाने का अनुबंध किया गया है ? ग्रामवार जानकारी देवें ? **(ग)** जनवरी, 2019 से जनवरी, 2022 के मध्य कितने भूस्वामियों को कितनी-कितनी वार्षिकी राशि का भुगतान किया गया है? वर्षवार जानकारी देवें ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जी नहीं। **(ख)** प्रश्नांश 'क' के परिपेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता। **(ग)** जनवरी, 2019 से जनवरी, 2022 के मध्य वार्षिकी राशि भुगतान की वर्षवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छब्बीस"]

रायपुर शहर के अद्यतन मास्टर प्लान के संबंध में प्राप्त आपतियों का निराकरण

[आवास एवं पर्यावरण]

4. (क्र. 163) श्री राजेश मूणत : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** रायपुर शहर के अद्यतन मास्टर प्लान के प्रकाशन के संबंध में कुल कितनी आपत्तियां आई हैं ?इसमें लैण्ड यूज को चेंज करने के संबंध में क्या-क्या आपित्तयां आई व उन पर क्या निर्णय लिया गया है ?कितनी आपत्तियों को मान्य व अमान्य किया गया है? **(ख)** क्या यह सही है कि उक्तानुसार मास्टर प्लान में रायपुर शहर को सेक्टर जोनल के आधार पर विभाजित किया गया है? यदि हॉ, तो कुल कितने सेक्टर जोनल में विभाजित किया गया है तथा उनमें कौन-कौन से क्षेत्र आते हैं ?इन सेक्टर जोनल को विभाजित करने के मापदण्ड क्या थे तथा क्या इन मापदण्डों का पालन किया गया है ?यदि नहीं, तो किन-किन क्षेत्रों में पालन नहीं किया गया है व क्यों? सेक्टरवार व जोनलवार जानकारी देवें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) रायपुर शहर के अद्यतन मास्टर प्लान के प्रकाशन के संबंध में कुल 1487 आपत्तियां/सुझाव प्राप्त हुये है। इसमें लैण्डयूज को चेंज करने के संबंध में प्रस्तावित भू-उपयोग से भिन्न भू-उपयोग किये जाने हेतु आपत्तियां दर्ज कराई गई। इनमें से समिति द्वारा कुछ आपत्तियों को मान्य तथा कुछ आपत्तियों को अमान्य किया गया। 352 आपत्तियो को मान्य, 111आपत्तियो को आशिंक मान्य व 1024आपत्तियो को अमान्य किया गया। **(ख)** जी नहीं। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण पश्चात् फर्जी जाति प्रकरण की प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

5. (क्र. 220) श्री पुरन्दर मिश्रा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में दिनांक 10 जनवरी, 2024 तक फर्जी जाति मामले में कुल कितने अधिकारी/कर्मचारियों की शिकायतों पर जांच हुई है? **(ख)** यदि जांच हुई है तो कितने अधिकारी/कर्मचारी पर कार्यवाही हुई? अद्यतन जानकारी देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में

दिनांक 10 जनवरी, 2024 तक फर्जी जाति मामले में कुल 42 अधिकारी/कर्मचारियों की शिकायतों पर जांच हुई है। **(ख) जानकारी संकलित की जा रही है।**

पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्रांतर्गत गौठान निर्माण व गोबर की खरीद

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

6. (क्र. 342) श्रीमती गोमती साय : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव अंतर्गत किन-किन पंचायतों में गौठान निर्माण का कार्य किया गया? **(ख)** किन-किन गोठानों में कितनी-कितनी मात्रा में गोबर खरीदी की गई? पंचायतवार, वर्षवार विवरण प्रदान करें? **(ग)** उपरोक्त गौठानों में कितनी-कितनी मात्रा में वर्मी कम्पोस्ट खाद का उत्पादन किया गया? पंचायतवार, वर्षवार विवरण प्रदान करें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2020-21 से 2023-24 (दिनांक 25.01.2024 तक) विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव से संबंधित विकासखंडों के कुल 66 ग्राम पंचायतों में गोठान निर्माण का कार्य किया गया। **वर्षवार, विकासखंडवार विवरण संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है। (ख)** प्रश्नांश "क" की अवधि मे गोबर खरीदी की वर्षवार,पंचायतवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है। (ग)** प्रश्नांश "क" की अवधि मे वर्मी कम्पोस्ट खाद उत्पादन का वर्षवार,पंचायतवार विवरण **संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्ताईस"]

उद्योग द्वारा वृक्षारोपण एवं ग्रीन बेल्ट के नियम

[आवास एवं पर्यावरण]

7. (क्र. 362) श्री धरमलाल कौशिक : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश के उद्योगों हेतु वृक्षारोपण एवं ग्रीन बेल्ट के संबंध में क्या नियम/नीति हैं? **(ख)** प्रश्न दिनांक की स्थिति में दुर्ग, रायपुर व बिलासपुर संभाग के जिलों में किन-किन उद्योगों द्वारा कितना वृक्षारोपण किया जाना था? कितना किया गया? कितने जीवित हैं व कितने किये जाना शेष हैं तथा किन उद्योगों के द्वारा अपेक्षित वृक्षारोपण नहीं किया गया है? **(ग)** 2 जनवरी, 2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 08 में किन-किन उद्योगों मे, जिन उद्योगों के द्वारा ग्रीन बेल्ट एवं वृक्षारोपण नहीं करने की जानकारी दी गई है, उन पर क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं तो क्यों?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)प्रदेश में वृहद् / मध्यम श्रेणी के उद्योगों को छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 तथा वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम,1981 के तहत जारी की जाने वाली सम्मति में उद्योग परिसर के कुल क्षेत्र का न्यूनतम 33 प्रतिशत (एक-तिहाई क्षेत्रफल) क्षेत्र में तथा खदानों में चिन्हित स्थलों पर वृक्षारोपण/ग्रीन बेल्ट विकसित किये जाने की शर्त दी जाती है।**(ख)जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार** है।**(ग)**दिनांक 2 जनवरी,2023 का अतारांकित प्रश्न संख्या 08 इस विभाग से संबंधित नहीं है। इस प्रश्नांश के समान जानकारी विधानसभा सत्र दिसम्बर-जनवरी, 2022-2023 के अतारांकित प्रश्न क्रमांक 47 में चाही गई थी एवं उद्योग मेसर्स विकास मेटलिक्स एंड एनर्जी लिमिटेड, ग्राम–बरतोरी, तहसील–तिल्दा, जिला–रायपुर द्वारा अपेक्षित वृक्षारोपण नहीं किये जाने की जानकारी दी गई थी। उक्त उद्योग द्वारा वृक्षारोपण हेतु बैंक गारंटी के साथ समयबद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत की गई थी । वर्तमान में उद्योग द्वारा शेष वृक्षारोपण की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है, विस्तृत **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र के सरल क्रमांक–69 में समाहित** है। अतः उक्त उद्योग पर कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता नहीं है।

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में स्थित सीमेंट संयंत्रों द्वारा पर्यावरण नियमों के उल्लधंन पर कार्यवाही

[आवास एवं पर्यावरण]

8. (क्र. 371) श्री संदीप साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में स्थित सभी सीमेंट संयंत्रों द्वारा पर्यावरण नियमों का पालन किया जा रहा है? **(ख)** यदि नहीं, तो किन-किन सीमेंट संयंत्रों द्वारा पर्यावरण नियमों का पालन नहीं करने की शिकायत प्राप्त हुई है और उन संयंत्रों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है? **(ग)** संचालित सीमेंट संयंत्रों के आस-पास के क्षेत्रों में रहने वाले निवासियों एवं कृषि भूमि पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के निराकरण हेतु शासन स्तर पर क्या कार्यवाही की जा रही है? जानकारी देवें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जी हॉ। **(ख)** दिनांक 01.01.2023 से दिनांक 19.01.2024 तक की अवधि में 01सीमेंट संयंत्र मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड (हिरमी सीमेंट वर्क्स),ग्राम-हिरमी,तहसील-सिमगा, जिला-बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) के विरुद्ध शिकायतें प्राप्त हुई हैं। शिकायतों पर की गई कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ग)** बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में संचालित सीमेंट संयंत्रों के आस-पास के क्षेत्रों में रहने वाले निवासियों एवं कृषि भूमि को दुष्प्रभावों से बचाने हेतु विभाग द्वारा समय-समय पर उद्योगों का निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग की जाती है तथा प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्थाओं के सतत् संचालन को सुनिश्चित करवाया जाता है एवं उल्लंघन पाये जाने पर सुसंगत प्रावधानों के तहत् कार्यवाही की जाती है। सभी संयंत्रो में डस्ट उत्सर्जन के सतत परिमापन के लिए चिमनियों में आनलाईन कनेक्टिविटी के साथ आनलाईन मानीटरिंग सिस्टम स्थापित है तथा परिवेशीय वायु की गुणवत्ता के मापन के लिये आनलाईन कनेक्टिविटी के साथ सतत परीवेशीय वायु गुणवत्ता मापन स्टेशन्स भी स्थापित है. सभी सीमेंट संयंत्रो में दूषित जल उपचार संयंत्र स्थापित है तथा शून्य निस्सारण की स्थिति का पालन सुनिश्चित कराया जाता है।कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार कृषक हित में सीमेंट संयंत्रों के पास स्थित ग्रामों में मिट्टी नमूनों का संग्रहण कर प्रयोगशाला में परीक्षण भी कराया जा रहा है, जिसमें मृदा पर दुष्प्रभाव संबंधी कोई भी परिणाम प्राप्त नहीं हुआ है। परीक्षण उपरांत विश्लेषण परिणाम (स्वायल हेल्थ कार्ड) कृषकों को उपलब्ध कराया जा रहा है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठाईस"]

सिहावा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कृषकों को कृषि यंत्र का प्रदाय

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

9. (क्र. 398) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2021-22 से 31 दिसम्बर, 2023 के स्थिति में सिहावा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा कितने कृषकों को कृषि यंत्र प्रदाय किया गया ? विकासखंडवार जानकारी देवें ? **(ख)** यंत्र चलाने हेतु कब-कब किस स्तर के अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) सिहावा विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विकासखण्ड मगरलोड एवं नगरी में वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में (31 दिसम्बर, 2023 तक) कुल 2,586 किसानों को विभिन्न विभागीय योजनाओं के अंतर्गत कृषि यंत्र/उपकरण प्रदाय किये गये है। वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** निरंक।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्तीस"]

छ.ग. सरकार एवं उनके अधीनस्थ उपक्रमों द्वारा लिये गए ऋण

[वित्त]

10. (क्र. 402) श्री धरमलाल कौशिक : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-1 जनवरी, 2019 से प्रश्न दिनांक तक छ.ग. सरकार के द्वारा कुल कितना-कितना ऋण, किन-किन संस्थाओं से लिया

गया? कितना ऋण वापस किया गया व कुल कितनी ऋण की राशि नवम्बर, 2023 की स्थिति में शेष है? इन ऋण के एवज में शासन की कौन-कौन सी संपत्तियां गिरवी रखी गई हैं एवं बेची गई हैं?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : 1 जनवरी 2019 से 30 दिसंबर 2023 तक संस्थानों से लिये गये ऋण की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है। जनवरी 2019 से 30 दिसंबर 2023 तक कुल 20,776.71 करोड़ का ऋण भुगतान किया गया है व नवंबर 2023 की स्थिति में 91,520 करोड़ ऋण शेष है। इन ऋण के एवज में कोई भी संपत्तियां न ही गिरवी रखी गई है और न ही बेची गई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तीस"]

धमतरी जिला में राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत लाभान्वित कृषक

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

11. (क्र. 418) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत इवोपेरेटिव लो एनर्जी अंतर्गत 2022-23 में धमतरी जिला में कुल कितने कृषकों को लाभान्वित किया गया ? **(ख)** उक्त जिला में इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में कितनी राशि का अनुदान दिया गया ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला धमतरी में राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना संचालित नहीं होने के कारण जानकारी निरंक है।**(ख)** प्रश्नांक 'क' के परिपेक्ष्य में जानकारी निरंक।

जिला-रायगढ़ में संचालित आश्रम-शालाओं में स्वीकृत एवं रिक्त पद

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

12. (क्र. 606) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला-रायगढ़ में कितने छात्रावास आश्रम शाला संचालित है? उनमें लिए कितने पद स्वीकृत हैं ,कितने पद रिक्त हैं ? **(ख)** रिक्त पदों में कब तक भर्ती कर ली जाएगी ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला-रायगढ़ में 141 छात्रावास आश्रम शाला संचालित है। इनमें अधीक्षक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के कुल 616 पद स्वीकृत है तथा 158 पद रिक्त है। (ब) रिक्त पदों पर भर्ती कर लिए जाने की निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

जिला-रायगढ़ स्थित आश्रम छात्रावास में भृत्य एवं रसोईया के रिक्त पदों की पूर्ति

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

13. (क्र. 607) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला-रायगढ़ के छात्रावास एवं आश्रम शालाओं में भृत्य एवं रसोईया के कितने पद रिक्त है? जानकारी देवें? **(ख)** रिक्त पदों पर कब तक भर्ती की जायेगी?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला-रायगढ़ के छात्रावास एवं आश्रम शालाओं में भृत्य एवं रसोईया के कुल 80 पद रिक्त हैं। **(ख)** समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

बसना विधानसभा क्षेत्र में आदिवासी विकास परियोजना अंतर्गत संचालित छात्रावास एवं आश्रम

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

14. (क्र. 610) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)**बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना अंतर्गत कितने छात्रावास एवं आश्रम संचालित हैं? इन छात्रावास एवं आश्रम में कितने नियमित एवं कितने अनियमित कर्मचारी

कार्यरत/पदस्थ हैं? छात्रावास एवं आश्रमवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना में क्या केंद्र शासन द्वारा राशि दी जाती है? यदि हाँ,तो जनवरी, 2021 से दिसम्बर, 2023 तक कितनी राशि केंद्र एवं राज्य से कब-कब जारी की गयी है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना संचालित नहीं है। माड़ा पॉकेट अन्तर्गत 04 छात्रावास एवं 05 आश्रम संचालित हैं। इन छात्रावास एवं आश्रमों में कार्यरत/पदस्थ नियमित एवं अनियमित कर्मचारियों की छात्रावास एवं आश्रमवार जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। **(ख)** बसना विधानसभा क्षेत्र में एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना संचालित नहीं है। अतः माड़ा पॉकेट क्षेत्र में विशेष केन्द्रीय सहायता आदिवासी उपयोजना मद से राशि दी जाती है, पर प्रश्नांकित अवधी में माड़ा पॉकेट क्षेत्र हेतु राशि नहीं दी गई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तीस"]

भूखंडों के पंजीयन से प्राप्त राजस्व

[वाणिज्यिक कर]

15. (क्र. 613) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2021 से दिसम्बर, 2023 तक कितने 2500 स्कवायर फीट तक के छोटे भूखंडों का पंजीयन प्रदेश में हुआ ? जिलेवार बतावें? **(ख)** पंजीयन से विभाग को कितनी राजस्व की प्राप्ति हुई? जिलेवार बतावें? **(ग)** प्रदेश में उपरोक्त वर्षो में कुल कितनी संख्या में पंजीयन हुए हैं और उनसे कुल कितना राजस्व प्राप्त हुआ है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) 01 जनवरी वर्ष 2021 से 31 दिसम्बर, 2023 तक 2500 स्कवायर फीट तक के छोटे भूखंडों के कुल 344884 दस्तावेजों का पंजीयन हुआ है। जिलेवार जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। **(ख)** उपरोक्त अवधि में उपरोक्त दस्तावेजों से प्राप्त राजस्व रू. 2407.27 करोड़ है। जिलेवार जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। **(ग)** प्रश्नांश **(क)** की अवधि में कुल पंजीबद्ध दस्तावेजों की संख्या 973268 है। और उनसे प्राप्त कुल राजस्व रू. 6051.34 करोड़ है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बत्तीस"]

जिला - मुंगेली अंतर्गत कृषि उपकरणों की खरीदी

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

16. (क्र. 616) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या कृषि उपकरणों की खरीदी कृषि विभाग द्वारा सीधे अथवा राज्य बीज निगम के माध्यम से की जाती है ? क्या इसके लिए रेट कांन्ट्रैक्ट निर्धारण है? **(ख)** जिला मुंगेली में वर्ष 2021 से दिनांक 31.12.2023 तक जिला खनिज न्यास मद से कितनी राशि से कौन-कौन से कृषि उपकरणों की खरीदी की गयी है? वर्षवार/विधानसभावार विवरण दें? **(ग)** क्या उपरोक्त खरीदे गये उपकरणों की मांग किसानों द्वारा की गयी थी? उपरोक्त में से कौन-कौन से उपकरण प्रश्न दिनांक तक गोदामों में रखे हुए हैं?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण की खरीदी छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम से की जाती है। बीज निगम द्वारा विभिन्न कृषि उपकरणों का रेट कांन्ट्रैक्ट किया जाता है। **(ख)** विभागीय योजनाओं में जानकारियों का संधारण विधानसभावार नहीं किया जाता। प्रश्नाधीन अवधि में जिला मुंगेली में जिला खनिज न्यास मद से कुल राशि रू. 171.19 लाख के 1320 नग कृषि उपकरण क्रय किये गये है। वर्षवार, विकाखण्डवार, यंत्रवार विवरण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** जी हां, खरीदे गये उपकरणों की मांग किसानों द्वारा की गई थी। प्रश्न दिनांक तक कोई भी कृषि उपकरण गोदाम में नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तैंतीस"]

मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में जैविक कृषि से लाभान्वित कृषक

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

17. (क्र. 617) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विगत 04 वर्षो में मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में जैविक कृषि को बढ़ावा देने के लिए कौन-कौन सी योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित हैं? **(ख)** उक्त योजनाओं व कार्यक्रमों में कुल कितने किसान लाभान्वित हुए ? **(ग)** क्या विभाग के इन प्रयासों से जैविक खेती करने वाले किसानों की आय एवं खेती के रकबे में वृद्धि हुई है? यदि हॉ, तो तत्संबधी जानकारी वर्षवार दें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विगत 4 वर्षो यथा वर्ष 2019-20 से 2023-24 (जनवरी 2024 तक) में मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में जैविक कृषि को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र प्रवर्तित परम्परागत कृषि विकास योजना एवं राज्य पोषित जैविक खेती मिशन संचालित है। **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार संचालित योजनाओं से मुंगेली विधानसभा से संबंधित विकासखण्ड-मुंगेली एवं पथरिया के 2,090 किसान लाभान्वित हुये। **(ग)** प्रश्नांश 'क' अनुसार योजनाओं के क्रियान्वयन से किसानों द्वारा जैविक खेती करने से काश्त लागत में कमी होने तथा उत्पादित जैविक उत्पादों का अधिक विक्रय मूल्य प्राप्त होने से आय में वृद्धि हुई है। प्रश्नाधीन अवधी तक में जैविक खेती के रकबा में हुई वृद्धि की वर्षवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - चौंतीस"]

बेलतरा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री के प्राप्त आवेदन

[वाणिज्यिक कर]

18. (क्र. 632) श्री सुशांत शुक्ला : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बेलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पंजीयन कार्यालय में केलेण्डर वर्ष 2021-22 से 15 जनवरी, 2024 तक रजिस्ट्री के कितने आवेदन प्राप्त हुए ? प्राप्त आवेदनों में कितने आवेदनों का निराकरण किया गया, कितने शेष हैं ? **(ख)** क्या प्रश्नांकित अवधि में पंजीयन कार्यलय में बिना पक्षकार के रजिस्ट्री की शिकायतें प्राप्त हुईं अथवा विभाग के संज्ञान मे आया ? यदि हां, तो दोषी कौन हैं व उन पर क्या कार्यवाही की गई ? **(ग)** प्रश्नांकित अवधि में रजिस्ट्री में अनियमितता अथवा गलत रजिस्ट्री करने या गलत रजिस्ट्री रोकने की कितनी शिकायतें/आवेदन प्राप्त हुए ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) बेलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पंजीयन कार्यालय में कैलेण्डर वर्ष 2021-22 से 15 जनवरी, 2024 तक कुल 21273 आवेदन प्राप्त हुए है। प्राप्त आवेदनों में से सभी आवेदनों का निराकरण किया गया है। **(ख)** जी नहीं। **(ग)** निरंक

एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना अंतर्गत कृषकों को सामग्री का वितरण

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

19. (क्र. 633) श्री सुशांत शुक्ला : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना अंतर्गत प्रदेश में किसानों को पिछले तीन वित्तीय वर्षो में सामग्री का वितरण किया गया था ? यदि हॉ, तो कितने किसानों/हितग्राहियों को क्या-क्या सामग्री, कितनी-कितनी मात्रा में वितरित की गई थी ? जिलेवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' की वितरित समाग्रियों के क्रय एवं वितरण में क्या भ्रष्टाचार की शिकायतें प्राप्त हुई यदि हॉ, तो इसमें दोषी अधिकारी/कर्मचारी कौन है व उन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ? जिलेवार जानकारी उपलब्ध करावें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी हॉ। जानकारी **संलग्न प्रप्रत्र** अनुसार

है। **(ख)** जी नहीं, कोई शिकायत प्राप्त न होने से दोषी अधिकारी/कर्मचारियों पर कार्यवाही किये जाने का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतीस"]

रायगढ़ जिला में राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि का प्रदाय

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

20. (क्र. 675) श्री उमेश पटेल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायगढ़ जिला में राजीव गांधी न्याय योजना अंतर्गत कितने पंजीकृत किसानों को चौथी किस्त की कितनी राशि देना शेष है और कब तक दे दी जायेगी ? **(ख)** राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत वर्तमान में किसानों को लाभ दिया जायेगा या नहीं ? यदि नहीं तो किसानों के न्याय हेतु क्या किसी अन्य प्रकार की योजना प्रारम्भ की जायेगी ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) रायगढ़ जिला में राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2022-23 हेतु कुल 79,921 किसानो को चौथी किश्त **राशि रू. 73.29 करोड़** देना शेष हैं। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ख)** प्रश्नांश 'क' के परिपेक्ष्य में निरंक।

रायगढ़ जिले में प्रदूषण रोकने हेतु किए जा रहे उपाय

[आवास एवं पर्यावरण]

21. (क्र. 676) श्री उमेश पटेल : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** रायगढ़ जिला में प्रदूषण की क्या स्थिति है तथा इसके क्या मापदण्ड हैं ? **(ख)** जिले में प्रदूषण को रोकने के लिए क्या-क्या उपाय किये जा रहे है तथा रायगढ़ जिले को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए क्या कार्ययोजना बनाई जा रही है? **(ग)** क्या, जिले में प्रदूषण की शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गयी है ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ, ब, स एवं द अनुसार** है। **(ख)** जिला रायगढ़ में प्रदूषण के शमन हेतु निम्न उपाय किये गये है:- (1) उद्योगों में स्थपित प्रदूषण नियन्त्रण उपस्करों यथा ई.एस.पी.,बैग फ़िल्टर, वाटर स्प्रींकलर्स, ई.टी.पी., एस.टी.पी. आदि का सतत संचालन कराया जाकर मानकों का पालन सुनिश्चित कराया जाना । (2) उद्योग परिसर के एक तिहाई क्षेत्र में वृक्षारोपण। (3) राखड की अवैध डम्पिंग की शिकायत के लिये टोल फ्री नंबर। (4) उल्लंघनकारी उद्योगों पर नियमानुसार कार्यवाही। जिला रायगढ़ को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिये निम्न कार्ययोजना है:- (1) राखड का कोयला खदानों एवं परित्यक्त गिट्टी खदानों में अधिक से अधिक अपवहन करना। (2) कोयले का रेल मार्ग से अधिक से अधिक परिवहन करना। **(ग) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-घ अनुसार** है।

बालोद जिले में फसल बीमा की राशि का वितरण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

22. (क्र. 685) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बालोद जिले में पिछले दो वर्षों में कुल कितने किसानों ने, अपना फसल बीमा, किन-किन बीमा कंपनियों से कराया? वर्षवार, विकासखंडवार बतावें? **(ख)** प्रश्नांक "क" की अवधि में इन बीमा कंपनियों द्वारा कितने किसानों को बीमा की कुल कितनी राशि का वितरण किया गया है? कितने किसानों को बीमा की राशि नहीं दी गयी है? नहीं देने का कारण क्या है? वर्षवार, विकासखंडवार बतावें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) फसल बीमा योजनाओं में जानकारी का संधारण तहसीलवार किया जाता है। जिला बालोद में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत मौसम खरीफ एवं रबी वर्ष 2022-23 में कुल 1,14,854 कृषकों ने एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड एवं

वर्ष 2023-24 में कुल 1,13,334 कृषकों ने एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से कृषि फसलों का बीमा कराया हैं। पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजनांतर्गत वर्ष 2022-23 में 611 किसानों ने बजाज एलायंस जनरल इन्श्योरेंस कंपनी लिमिटेड एवं वर्ष 2023-24 में 818 किसानों ने एग्रीकल्चर इन्श्योरेंस कंपनी लिमिटेड से उद्यानिकी फसलों का बीमा कराया है। योजनावार, वर्षवार, मौसमवार, तहसीलवार बीमित कृषकों एवं क्रियान्वयक बीमा कंपनी की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-'अ' एवं प्रपत्र-'ब' अनुसार है। (ख)** प्रश्नांक ''क'' की अवधि में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत वर्ष 2022-23 में पात्र कुल 9,162 कृषकों को राशि रु. 1312.57 लाख का बीमा दावा भुगतान किया गया है। मौसम खरीफ 2023 अंतर्गत फसल कटाई प्रयोग से प्राप्त ऊपज आंकड़ों के आधार पर दावा गणना एवं भुगतान की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है तथा रबी वर्ष 2023-24 में फसल कटाई प्रयोगों के पश्चात प्राप्त ऊपज आंकड़ों के आधार पर दावा गणना एवं भुगतान की कार्यवाही होगी । वर्षवार एवं तहसीलवार दावा भुगतान की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-'स' अनुसार है ।** पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजनांतर्गत वर्ष 2022-23 में 428 किसानों को राशि रूपये 38.43 लाख के बीमा दावा राशि का भुगतान किया गया है। राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल में 120 कृषकों का खाता विवरण सत्यापित ना हो पाने के कारण राशि रूपये 2.79 लाख का भुगतान लंबित है। वर्ष 2023-24 में अधिसूचित उद्यानिकी फसलों के फसल अवधि समाप्ति उपरांत बीमा दावा राशि की गणना कर नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी। वर्षवार तहसीलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-'द' अनुसार है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - छत्तीस"]

जैजेपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भवन विहीन छात्रावास /आश्रम हेतु भवन व्यवस्था

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

23. (क्र. 688) श्री बालेश्वर साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जैजेपुर विधानसभा क्षेत्र में संचालित छात्रावास/ आश्रमों में कितने स्वयं के भवन में तथा कितने किराए के भवन में संचालित हैं ? विकासखंड वार जानकारी देवें? **(ख)** किराए के भवन में संचालित छात्रावास / आश्रमों के स्वयं के भवन की व्यवस्था कब तक कर दी जावेगी?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जैजेपुर विधानसभा क्षेत्र में संचालित 27 छात्रावास/आश्रमों में से समस्त संस्थाएं स्वयं के भवन में संचालित हैं। विकास खण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतीस"]

सक्ती विधानसभा क्षेत्र में किसान समृद्धि योजना के तहत लाभान्वित हितग्राही

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

24. (क्र. 689) श्री बालेश्वर साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** किसान समृद्धि योजना के तहत विधानसभा क्षेत्र सक्ती में विगत 3 वर्षों में कितने कृषकों को इस योजना का लाभ दिया गया है? **(ख)** किसान समृद्धि योजना हेतु कितने आवेदन वर्तमान में लंबित हैं?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विगत 3 वर्षों यथा वर्ष 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 में सक्ती विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विकासखण्डों सक्ती, बम्हनीडीह एवं बलौदा में कुल 60 कृषकों को किसान समृद्धि योजना का लाभ दिया गया है। **(ख)** वित्तीय वर्ष 2023-24 (25.01.2024 तक) में किसान समृद्धि योजनांतर्गत कोई आवेदन लंबित नहीं हैं।

प्रदेश के गौठानों में कार्य करने के दौरान दुर्घटना से घायल व मृत्यु होने पर प्रदत्त सहायता

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

25. (क्र. 701) श्री मोतीलाल साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या प्रदेश में गौठान योजना के तहत निर्मित गौठान में कार्य करने के दौरान मजदूरों की दुर्घटना से मृत्यु/ घायल या शरीरिक अक्षमता की घटना हुई ? यदि हां, तो किन कारणों से हुई एवं दोषियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गयी तथा पीड़ित परिवार को क्या सहायता प्रदान की गयी ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : जी हां। नगर पालिका निगम, रायपुर अंतर्गत फुण्डहर गौठान में दिनांक 06.01.2021 को नवीन गोकाष्ठ मशीन पर कार्य करने के दौरान हुई असावधानी के कारण श्रीमती एलिना रिबेलो के दाहिने हाथ के अंगुली में चोट लग गई थी। दुर्घटना में घायल पीड़िता का उपचार प्रतिष्ठित चिकित्सालय में निःशुल्क कराने के साथ ही उपचार एवं स्वास्थ्य लाभ की अवधि के दौरान संबधित को 02 माह की राशि भी भुगतान की गई है।

विभाग द्वारा छात्रावास भवनों के निर्माण की अद्यतन स्थिति

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

26. (क्र. 723) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-जिला राजनांदगांव एवं खैरागढ़ जिला अंतर्गत 2021 से प्रश्नावधि तक कितने छात्रावास भवनों के निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है? स्वीकृत भवनों का निर्माण किन-किन मदों के द्वारा किया जा रहा है? भवनों के लिए कौन-कौन सी निर्माण एजेंसियों का चयन किया गया है ? निर्माण एजेंसियों को भुगतान कब-कब और कितने प्रतिशत कार्य पूर्ण होने के उपरांत किया गया ? क्या ऐसा भी कार्य है, जिसकी स्वीकृति मिलने के पश्चात भी कार्य प्रारंभ नहीं किया जा सका है ? यदि हां तो क्यों ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : कुल 06 छात्रावास भवन निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जानाकरी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। एक कार्य 100 सीटर पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास राजनांदगांव भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं किया जा सका है। निविदा की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने के कारण।

[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तीस"]

जिला राजनांदगांव एवं खैरागढ़ में छात्रावास/आश्रमों हेतु क्रय की गई सामग्री

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

27. (क्र. 724) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-जिला राजनांदगांव एवं खैरागढ़ जिला अंतर्गत 2021 से प्रश्नावधि तक छात्रावास/आश्रमों के लिए क्या-क्या सामग्रियां किस-किस मद से क्रय की गई ? क्रय की गई सामग्रियों के लिए एजेंसियों का निर्धारण कैसे किया गया ? खरीदी के लिए कब-कब निविदा आमंत्रित की गयी ? निविदा में फर्मो का चयन किन-किन सामग्रियों की सप्लाई के लिए किया गया ? फर्मो को किये गए भुगतान की जानकारी फर्मवार, सामग्रीवार, दिनांकवार, विकासखण्डवार, जिलेवार देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : जिला राजनांदगांव एवं खैरागढ़ अन्तर्गत वर्ष 2021 से 31 दिसंबर 2023 तक छात्रावास/आश्रमों के लिये क्रय की गई सामग्रियों की मदवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-अ** अनुसार है।जिला स्तरीय क्रय समिति द्वारा क्रय की गई सामग्रियों के लिए एजेंसियों का निर्धारण कर सामग्रियों का क्रय सीधे छत्तीसगढ़ स्टेट इन्डस्ट्रीयल डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (CSIDC) में पंजीकृत फर्मों से किया गया है। फलस्वरूप निविदा आमंत्रण एवं निविदा में फर्मों का चयन नहीं किया गया है। नवगठित जिला खैरागढ़ को महालेखाकर छ.ग. रायपुर से दिनांक 18.09.2023 को

आहरण-सवितरण अधिकार प्राप्त होने से प्रश्नावधि तक खैरागढ़ जिले के द्वारा छात्रावास/आश्रमों हेतु सामग्री का क्रय नहीं किया गया है तथा भुगतान की कार्यवाही विकासखण्डवार न होकर राजनांदगाव जिले से हुई है फलस्वरूप राजनांदगांव जिले से फर्मों को किए गए भुगतान की फर्मवार, सामग्रीवार एवं दिनांकवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-ब** अनुसार है।

जिला राजनांदगांव और खैरागढ़ में मंडी बोर्ड से स्वीकृत कार्य

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

28. (क्र. 725) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** राजनांदगांव और खैरागढ़ जिले के अंतर्गत, 2021 से प्रश्नावधि तक मंडी बोर्ड से कौन-कौन से कार्य किन-किन मदों से स्वीकृत किये गए? स्वीकृत कार्यों की राशि सहित अद्यतन स्थिति की जानकारी वर्षवार विकासखण्डवार, जिलेवार प्रदान करें ? विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं और मदों की विस्तृत जानकारी देवें? **(ख)** क्या विभाग द्वारा किसी तरह के वाहनों का क्रय किया गया? यदि हाँ तो कौन-कौन से वाहन कितनी-कितनी राशि के क्रय किये गये? विकासखण्डवार, जिलेवार जानकारी प्रदान करें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) राजनांदगांव और खैरागढ़ जिले के अंतर्गत 2021 से दिसंबर 2023 तक मंडी बोर्ड द्वारा 315 कार्य हेतु राशि 3271.36 लाख रूपये मंडी बोर्ड एवं मंडी निधि से स्वीकृत किये गये है। वर्षवार विकासखण्डवार, जिलेवार स्वीकृत कार्यों की राशि सहित अद्यतन स्थिति की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** जी हॉ, छ.ग. राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुख्यालय द्वारा 06 वाहनों का क्रय किया गया है। 02 स्वीफ्ट डिजायर वाहन राशि रू. 12,77,386.00 एवं 04 महिन्द्रा बोलेरो वाहन राशि रू. 33,18,628.00 के क्रय किये गये। जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है।

डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्रांतर्गत हितग्राहियों को कृषि यन्त्र एवं सिंचाई पंपों का वितरण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

29. (क्र. 726) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)**डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 2021 से 15 जनवरी, 2024 तक कितने हितग्राहियों को कृषि यन्त्र, सिंचाई पंप व अन्य कृषि उपयोगी यंत्रों का वितरण किस माध्यम से व किस प्रक्रिया के तहत किया गया? विवरण देवें? **(ख)** उक्त खरीदी किस माध्यम से की गई? सप्लाईकर्ता फर्मों द्वारा कृषकों को उपकरण उपलब्ध कराने के पश्चात क्या-क्या सुविधाएं प्रदान की जाती हैं? प्रश्नांश ''क'' अवधि में कितने हितग्राहियों को क्या-क्या सामान उपलब्ध कराया गया? सामग्री का नाम, फर्मो को किये गए भुगतान की जानकारी फर्मवार, सामग्रीवार, विकासखण्डवार प्रदान करें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) डोंगरगढ़ विधानसभा से संबंधित विकासखण्डों में संचालनालय कृषि के अधीन संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत 10587 कृषको को अनुदान पर कृषि यंत्र एवं सिंचाई पंपों का वितरण किया गया है। वर्षवार, विकासखण्डवार तथा योजनावार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ, प्रपत्र ब, प्रपत्र स एवं प्रपत्र द** अनुसार है। संचालनालय उद्यानिकी के अधीन संचालित योजनाओं में 43 हितग्राहियो को कृषि यंत्रों पर अनुदान प्रदाय किया गया है। वर्षवार, विकासखण्डवार तथा योजनावार/अन्य मदवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-इ अनुसार** है। किसानो को अनुदान पर कृषि यंत्र /उपकरण एवं सिंचाई पंप के वितरण हेतु अपनाई गई प्रक्रिया की कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-क अनुसार** है। **(ख)** कंडिका ''क'' अनुसार शक्ति चलित यंत्रो का क्रय विभाग द्वारा नहीं किया जाता है, अपितु विभिन्न योजनाओं में निहित प्रावधान अनुसार कृषक/कृषक समूह द्वारा विभाग को ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करने उपरांत आवेदन स्वीकृति की दशा में अपनी पंसद की यंत्र पंजीकृत प्रदायक संस्था से क्रय किया जाता है, जबकि हस्तचलित एवं बैलचलित कृषि यंत्रों का क्रय उप संचालक कृषि द्वारा छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमि. से किया गया है।

छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमि. (चैम्प्स प्रणाली) द्वारा प्रदायित ट्रेक्टर, पावर टिलर, कम्बाईन हार्वेस्टर एवं अन्य शक्ति चलित यंत्रों हेतु प्रदायक संस्था द्वारा कृषकों को उपकरण उपलब्ध कराने के पश्चात् सामग्री की वारंटी, रख-रखाव, बीमा एवं कृषि सलाह सेवा दी जाती है। कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन योजनांतर्गत स्थापित फार्म मशीनरी बैंकों के तहत वितरित कृषि यंत्रों/उपकरणो हेतु निर्माता/प्रदायक द्वारा यंत्र/उपकरण के रख-रखाव एवं परिचालन संबंधी तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाता है। प्रश्नांश ''क'' की अवधि में विभागीय योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को अनुदान पर वितरित कृषि यंत्रों/उपकरणों, प्रदायककर्त्ता संस्था एवं प्रदायक को भुगतान की गई राशि की वर्षवार, योजनावार, फर्मवार, सामग्रीवार एवं विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ, प्रपत्र ब, प्रपत्र स, प्रपत्र द एवं प्रपत्र इ** अनुसार है।

बस्तर संभाग तथा सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट के मापदण्ड अनुसार वृक्षारोपण

[आवास एवं पर्यावरण]

30. (क्र. 766) सुश्री लता उसेंडी : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बस्तर संभाग में स्थित आद्योगिक क्षेत्रों एवं सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र हेतु कितना क्षेत्र एवं वृक्षारोपण हेतु कतिना चिन्हांकित है ? कितने क्षेत्र में इसका वृक्षारोपण किया जाना था तथा नवम्बर, 2023 की स्थिति में कितने क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया है? **(ख)** क्या यह सही है कि उक्त क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट के मापदण्ड अनुसार वृक्षारोपण नहीं किया गया है? यदि हॉ तो इसके लिये दोषी कौन है ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है । **(ख)** जी नहीं। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - उनतालीस"]

बस्तर संभाग में छात्रवृति हेतु पत्र छात्र / छात्राओं को छात्रवृत्ति का भुगतान

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

31. (क्र. 767) सुश्री लता उसेंडी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बस्तर संभाग में वर्ष 2021 -2023 में आदिमजाति कल्याण विभाग से छात्रवृति हेतु कितने छात्र / छात्रा पात्र पाए गए एवं कितनी राशि का भुगतान किया गया ? छात्र / छात्राओं को प्रदान की जाने वाली छात्रवृति का मापदंड क्या हैं ,? क्या छात्रवृति भुगतान करने में विलंब हुआ है,? यदि हां ,तो कारण स्पष्ट करें एवं कितने पात्र छात्र / छात्राओं का भुगतान लंबित है ? **(ख)** कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2021-23 में कितने छात्रावास स्वीकृत हुए और कितने निर्माणाधीन हैं एवं कितने छात्रावासों का निर्माण कार्य लंबित है,? वर्षवार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) छात्रवृत्ति हेतु 36,849 छात्र-छात्रा पात्र पाए गए एवं राशि रूपये 23,92,05,425.00 भुगतान किया गया। मापदण्ड निम्नानुसार हैः- 1.छात्र-छात्रा किसी मान्यता प्राप्त संस्था के मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम में प्रवेशित होकर नियमित रूप से अध्ययनरत हो । 2 छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है। 3.सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र। 4. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र-(अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति हेतु राशि रूपये 2.50 लाख एवं अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु राशि रूपये 1.00 लाख) 5. विगत वर्ष का परीक्षा परिणाम। छात्रवृत्ति भुगतान में विलंब नहीं हुआ है। छात्र-छात्राओं का बैंक खाता आधार सीडिंग नहीं होने एवं त्रुटिपूर्ण बैंक विवरण भरने के कारण 2861 छात्र-छात्राओं का भुगतान लंबित है। **(ख)** वर्ष 2021-22 में 05 छात्रावास स्वीकृत, 05 छात्रावास निर्माणाधीन हैं तथा वर्ष 2022-23 में 06 छात्रावास स्वीकृत, 02 छात्रावास निर्माणाधीन एवं 04 छात्रावास लंबित हैं।

रायपुर जिले में गौठानों द्वारा क्रय गोबर

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

32. (क्र. 791) श्री राजेश मूणत : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सही है कि दिनांक 05 जनवरी, 2023 के परिवर्तित अतारांकित प्रश्न संख्या 40 (क्रमांक 564) में उत्तर दिया गया है कि कुल क्रय गोबर से रूपांतरण मानकों के अनुसार जितनी खाद बननी थी, उसकी लगभग 67 प्रतिशत खाद ही बन पाई है ? यदि हॉ, तो रूपांतरण मानकों के अनुसार लगभग 33 प्रतिशत खाद नहीं बनने से, लगभग कितने रूपये की खाद कम बनी हैं व क्यों ? योजना प्रारंभ से अभी तक कुल कितने व कितनी राशि के गोबर की खरीदी की गई तथा रूपांतरण मानक अनुसार कितनी खाद बननी थी व कितनी खाद बनी? प्रतिशतवार व मात्रावार जानकारी देवें? **(ख)** रायपुर जिले में किन-किन गौठानों द्वारा, कितना-कितना गोबर का क्रय किया गया है ? कितने का भुगतान किया गया है व कितने का भुगतान शेष है? इसमें कितने गोबर से, क्या-क्या उत्पाद बने, ?उसे विक्रय कर कितनी राशि प्राप्त हुई व कितनी राशि प्राप्त होना शेष है? गोबर व गौठान के संबंध में क्या-क्या शिकायतें योजना प्रारंभ से प्राप्त हुई है तथा इन शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई है? **(ग)** गोधन योजनांतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों व गौठान समिति को कितने का लाभांश भुगतान किया जाना शेष है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी नहीं, यह सहीं नहीं है कि रूपांतरण मानकों के अनुसर जितनी खाद बननी थी उसकी लगभग 67 % खाद ही बन पाई है ।अपितु अतारांकित प्रश्न क्र. 564 की प्रश्नावधि में वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट व सुपर कम्पोस्ट प्लस का रूपांतरण मानक क्रमशः 40, 50, 60 % रखा गया था। प्रेषित जानकारी में तीनों उत्पादों की पृथक-पृथक जानकारी न देकर प्रश्नानुरूप सम्मिलित जानकारी उपलब्ध कराई गई थी। उक्त प्रेषित जानकारी में कुल क्रय गोबर मात्रा 93,89,567.32 क्विं. में से शेष गोबर की मात्रा 9,82,739.56 क्विं. (10.46%) बताई गई थी। जिसमे अन्य कार्यों हेतु उपयोग किए गये गोबर व टांको में कम्पोस्ट निर्माण हेतु प्रयुक्त गोबर की मात्रा सम्मिलित नहीं थी। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा मौसम अनुसार रूपांतरण मानक निर्धारित किये गये है। अतः यह सहीं नहीं है कि रूपांतरण मानकों के अनुसार जितनी खाद बननी थी उससे कम बनी है अपितु क्रय गोबर में से स्व-सहायता समूहों को प्रदाय गोबर का उपयोग वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के साथ-साथ अन्य कार्यो में भी किया गया है। योजना प्रारंभ से प्रश्नाधीन अवधि तक खरीदे गये गोबर, रूपातंरण मानक अनुसार बनने योग्य वर्मी कम्पोस्ट एवं वास्तविक निर्मित वर्मी कम्पोस्ट की मात्रा एवं रूपांतरण प्रतिशत की **जिलेवार जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार है। (ख)** प्रश्नाधीन अवधि तक रायपुर जिले में 325 गोठानों द्वारा कुल 11,62,075.95 क्वि. गोबर क्रय किया गया है, जिसकी कुल राशि रू. 2,305.22 लाख भुगतान किया गया है व राशि रू. 18.93 लाख भुगतान शेष है ।**गोठानवार जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-"ब" अनुसार है।** क्रय गोबर की मात्रा मे से 11,51,041.04 क्वि. गोबर के उपयोग से वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट प्लस, दीया, गमला, कंडा, गोकाष्ठ, अगरबत्ती एवं गोबर पेंट उत्पाद बनाये गये है। जिसके विक्रय से राशि रू. 2,608.69 लाख प्राप्त हुई व राशि रू. 22.59 लाख प्राप्त होना शेष है। गोठानवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-"स" अनुसार** है। योजना प्रारंभ से गोबर व गोठान के संबंध में प्राप्त शिकायत की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-"ब" अनुसार है। (ग)** प्रश्नाधीन अवधि तक गोधन न्याय योजना अंतर्गत रायपुर जिले मे महिला स्व-सहायता समूहों को राशि रू. 19.51 लाख एवं गोठान समितियों को राशि रू. 3.08 लाख का लाभांश भुगतान किया जाना शेष है।**जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स अनुसार है।**

जनवरी 2019 से नवम्बर 2023 तक छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लिये गए ऋण

[वित्त]

33. (क्र. 792) श्री राजेश मूणत : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-जनवरी, 2019 से नवम्बर, 2023 तक छत्तीसगढ़ सरकार ने कुल कितनी राशि का ऋण, किन-किन संस्थाओं से, किस ब्याज दर पर लिया है? कितनी राशि का ऋण एवं ब्याज की अदायगी की गयी व कुल कितनी राशि का ऋण शेष है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : जनवरी 2019 से नवंबर, 2023 तक सरकार द्वारा विभिन्न संस्थाओं से लिये गये ऋण की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है, इस अवधि में कुल 20,685.54 करोड़ रूपये मूलधन तथा 28,192.02 करोड़ रूपये ब्याज भुगतान किया गया है व नवंबर 2023 की स्थिति में कुल 91,520 करोड़ रूपये राशि का ऋण शेष है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चालीस"]

अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हाऊसिंग बोर्ड एवं नया रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित योजना

[आवास एवं पर्यावरण]

34. (क्र. 819) श्री इन्द्र कुमार साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड एवं नया रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा किन -किन स्थानों पर आवास निर्माण व आवासीय भूखंड विक्रय की योजना संचालित है ? **(ख)** उपरोक्त संचालित योजनाओं में से कौन कौन सी योजनाएं पूर्ण रूप से विकसित हो चुकी हैं, ?कौन-कौन सी योजनाएं निर्माणाधीन हैं? **(ग)** क्या पूर्ण रूप से विकसित आवास योजनाओं के सभी आवास/भूखंड विक्रय किये जा चुके हैं?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड द्वारा उरला अभनपुर, बेलभाठा, गातापार, गोबरा नवापारा एवं सेक्टर-34 नवा रायपुर अटल नगर में आवास निर्माण की योजना संचालित है तथा नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण की जानकारी निरंक है। **(ख)** उपरोक्त संचालित योजनाओं में से गातापार की अटल आवास एवं दीनदयाल आवास योजना पूर्ण रूप से विकसित हुई है। उरला अभनपुर में अटल विहार योजना, बेलभाठा में अटल आवास योजना, गोबरा नवापारा में अटल विहार योजना एवं सेक्टर-34 नवा रायपुर अटल नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना निर्माणाधीन है। **(ग)** जी नहीं।

छ.ग. राज्य में गोठानों का कार्य संचालन

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

35. (क्र. 841) श्री बघेल लखेश्वर : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** छ.ग. राज्य के जिलों में वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में दिनांक 10 जनवरी, 2024 की स्थिति में कुल कितने गौठान स्थापित व नियमित रूप से संचालित हो रहे हैं ? कृपया जिलेवार जानकारी बतावें ? **(ख)** इन गोठानों में उक्त दो वर्षों में कुल कितने का व्यवसाय हुआ तथा यह भी बतावें कि इन गोठानों में कौन-कौन से व्यवसाय संचालित थे तथा इन व्यवसायों से कुल कितने महिला/पुरूष जुड़े हुये थे ? कृपया जिलेवार बतावें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में दिनांक 10 जनवरी, 2024 तक राज्य के जिलों में कुल 997 गोठान स्थापित किये गये हैं, जिसमें 896 गोठान नियमित रूप से संचालित हो रहे हैं। **जिलेवार जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** इन गोठानों में उक्त दो वर्षों में कुल राशि रू. 1768.07 लाख का व्यवसाय हुआ है । गोठानों में संचालित व्यवसाय व उससे जुड़े महिला/पुरूष का **जिलेवार जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तालीस"]

फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी करने वाले के विरुद्ध प्रकरणों में जांच

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

36. (क्र. 850) डॉ. चरण दास महंत : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** उच्च स्तरीय छानबीन समिति में 20 जनवरी, 2024 तक की स्थिति में फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी करने वालों के विरुद्ध कुल कितने प्रकरण पंजीबद्ध हैं ? कितने फर्जी पाए गए हैं ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार कितने प्रकरणों में जांच पूरी हुई ? कितने प्रकरणों में जांच प्रचलन में है ? जांच

के पश्चात दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध संबंधित विभागों द्वारा क्या-क्या कार्यवाही की गई है ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) 595 प्रकरण पंजीवद्ध हैं, जिनमें से 277 प्रकरण फर्जी पाए गए हैं। **(ख)** 508 प्रकरणों में जांच पूरी हुई। 73 प्रकरणों में जांच प्रचलन में है। दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी संकलित की जा रही है।

कोल वाशरियों का चालू हालत में निरीक्षण

[आवास एवं पर्यावरण]

37. (क्र. 852) डॉ. चरण दास महंत : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में स्थापित एवं संचालित कोल वाशरियों तथा अन्य कोल यूनिट्स की संख्या तथा क्षमता जिलावार कितनी-कितनी है ? **(ख)** पर्यावरण संरक्षण मंडल के द्वारा 2020 से 2023 तक कोल वाशरियों का निरीक्षण कब-कब, किसका-किसका किया गया ? निरीक्षण के दौरान कब-कब चालू तथा कब-कब बंद पाए गए ? **(ग)** किन कोल वाशरियों का निरीक्षण चालू हालत में विगत तीन वर्षो में नहीं किया गया है और क्यों ? इनका निरीक्षण चालू हालत में क्या शीघ्र ही कराया जाएगा ? **(घ)** निरीक्षण में किन-किन कोल वाशरियों में कानून का उल्लंघन किया जाना पाया गया है ?

वित्त मंत्री(श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अ** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** ब अनुसार है । **(ग)** विगत 03 वर्षो में चालू हालत में रहने वाले सभी कोल वाशरियों का निरीक्षण किया गया है। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। **(घ)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र स** अनुसार है।

जिला जांजगीर-चांपा में संचालित कृषि उपज मंडी

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

38. (क्र. 863) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जनवरी, 2019 से प्रश्नांकित अवधि तक किस-किस दर पर मंडी शुल्क लिया जा रहा है ? जांजगीर जिला में कुल कितनी कृषि उपज मंडी समितियां हैं एवं प्रश्नांकित अवधि तक कितनी-कितनी राशि मंडी शुल्क के रूप में प्राप्त हुई ? मंडी/ समितिवार जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के प्राप्त मंडी शुल्क में से छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड को कितनी राशि देनें का प्रावधान है एवं प्रश्नांकित अवधि में कितना हस्तांतरित किया गया है? कृषि उपज मंडी/समितिवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ग)** अप्रैल, 2020 से प्रश्नांकित अवधि तक जांजगीर जिला में छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा कुल कितने कार्य, कितनी राशि के स्वीकृत किये गये ? स्वीकृत कार्यो में से कितने कार्य पूर्ण कितने अपूर्ण एवं कितने निरस्त किये गये ? विधानसभावार/कार्यवार जानकारी उपलब्ध करावें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जनवरी, 2019 से प्रश्नांकित अवधि तक मंडी शुल्क की दरकी **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार है।**जांजगीर जिले में कुल 06 कृषि उपज मंडियां क्रमशः नैला, अकलतरा, चांपा, सक्ती, आमनदुल्ला एवं जैजैपुर अस्तित्व में थी किन्तु सितंबर 2022 में सक्ती जिला अस्तित्व में आने के कारण वर्तमान में कुल 03 कृषि उपज मंडी समिति क्रमशः नैला, अकलतरा एवं चांपा है। अविभाजित जांजगीर जिले की मंडी समितियों को जनवरी 2019 से दिसंबर 2023 तक रू. 15147.02 लाख मंडी शुल्क के रूप में प्राप्त हुआ। मंडी/समितिवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार है। (ख)** कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग, छ.ग. शासन, मंत्रालय के अधिसूचना क्रमांक 11450/एफ-04/39/2010/14-2 रायपुर, दिनांक 25.07.2016 के अनुसार छ.ग. की समस्त मंडियों सकल प्राप्तियों (जिनमें अनुज्ञप्ति फीस तथा मंडी फीस समाविष्ट है) का 50 प्रतिशत जो छ.ग. राज्य विपणन विकास निधि में देय है। कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड के परिपत्र क्र. बी-3/1/वि.प्र./आ.नि/07-

08/5984 दिनांक 14.01.2008 के अनुसार मंडी समितियों को प्राप्त शुल्क की उपरोक्तानुसार 50 प्रतिशत की राशि छोड़कर शेष राशि का 5 प्रतिशत का 60 प्रतिशत राशि मंडी बोर्ड मुख्यालय को भेजने का प्रावधान है। जनवरी 2019 से दिसंबर 2023 तक मंडी समितियों द्वारा राज्य विपणन विकास निधि में रू. 8129.13 लाख तथा आरक्षित निधि में रू. 325.68 लाख मंडी बोर्ड को हस्तांतरित किया गया। मंडीवार विवरण**जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स अनुसार है। (ग)** अप्रैल, 2020 से दिसंबर 2023 तक जांजगीर जिला में छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा कुल 385 कार्य, 4106.10 लाख रू राशि के स्वीकृत किये गये। स्वीकृत कार्यो में से 218 कार्य पूर्ण, 135 कार्य अपूर्ण एवं 07 कार्य निरस्त तथा 25 कार्यो के निरस्तीकरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। विधानसभावार/कार्यवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द अनुसार है।**

सरायपाली विधानसभा श्रेत्र स्थित आश्रम/छात्रावासों में छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली सुविधा

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

39. (क्र. 867) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा कौन-कौन से छात्रावास/आश्रम संचालित किए जा रहे हैं? उक्त छात्रावासों में छात्र-छात्राओं को क्या-क्या सुविधा प्रदान की जाती है? **(ख)** प्रश्न "क" में उल्लेखित छात्रावासों में रहने वाले छात्र-छात्राओं को भोजन, साबुन एवं अन्य सामग्री हेतु वर्ष 2021-22 से दिनांक 10 जनवरी, 2024 तक कितनी राशि दी गई है? पूर्ण विवरण बतायें।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) इस विभाग द्वारा प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति छात्रावास, पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति तथा अनुसूचित जाति छात्रावास एवं अनुसूचित जनजाति आश्रमों का संचालन किया जा रहा है। उक्त छात्रावास/आश्रमों में छात्र-छात्राओं को आवासीय सुविधा के साथ-साथ भोजन, नाश्ता , साबुन, तेल, ब्रस-पेस्ट, वांसिंग पाउडर, कन्या छात्रावासों में सेनेटरी नेपकीन आदि की सुविधा प्रदान की जाती है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बयालीस"]

बालोद जिले में उद्यानिकी किसानों के लिए संचालित योजनाएं

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

40. (क्र. 870) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बालोद जिले में उद्यानिकी विभाग द्वारा उद्यानिकी किसानों के लिए कौन-कौन सी योजनाएं संचालित की जा रही हैं? वित्तीय वर्ष 2021-22 से दिनांक 15 जनवरी, 2024 तक उक्त योजनाओं के तहत् कितना आबंटन प्राप्त हुआ? विभागीय योजनाओं के अलावा अन्य मदों में कितना आबंटन प्राप्त हुआ? वर्षवार, मदवार, योजनावार जानकारी देवें.? **(ख)** उक्तावधि में उक्त योजनाओं, मदों के अंतर्गत संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्र के किन-किन उद्यानिकी कृषकों को लाभ दिया गया? योजनावार, वर्षवार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) बालोद जिले में उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों के लिये केन्द्र प्रवर्तित योजना एवं राज्य पोषित योजना संचालित है, इसके अतिरिक्त अन्य मद अंतर्गत जिला खनिज न्यास निधि मद से प्राप्त राशि से कृषकों को लाभान्वित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2021-22 से दिनांक 15 जनवरी, 2024 तक प्राप्त आबंटन की वर्षवार, योजनावार एवं अन्य मदवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अ** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश क की अवधि में संचालित योजनाओं से संजारी बालोद विधानसभा के लाभान्वित कृषकों की वर्षवार, योजनावार एवं अन्य मदवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ब, प्रपत्र स एवं प्रपत्र द** अनुसार है।

संजारी-बालोद विधानसभा क्षेत्रांतर्गत संचालित आश्रम/छात्रावास

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

41. (क्र. 871) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आदिम जाति विकास विभाग तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा कितने-कितने बालक/बालिका आश्रम/छात्रावास कहॉं-कहॉं पर संचालित हैं? इनमें से कितने स्वयं के भवन में एवं कितने किराये के भवन में संचालित हैं? सीटों की संख्या सहित विकासखण्डवार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरालीस"]

छात्रावासों में अध्ययनरत छात्र- छात्राओं के भोजन, साबुन आदि सामग्री हेतु प्रदत्त छात्रवृत्ति

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

42. (क्र. 885) श्री रामकुमार यादव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** छत्तीसगढ़ राज्य में आदिम जाति विभाग द्वारा कौन-कौन से छात्रावास संचालित हैं? योजनावार एवं जिलेवार जानकारी देंवे? **(ख)** छात्रावासों के संचालन हेतु छात्र-छात्राओं को क्या-क्या सुविधा प्रदाय की जाती है? सुविधाओं का विवरण व लाभ की जानकारी देवें? **(ग)** छात्रावास में रहने वाले छात्र-छात्राओं को भोजन साबुन एवं अन्य सामग्री हेतु कितनी राशि दी जाती है? पूर्ण विवरण देंवे? **(घ)** छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति में विगत वृद्धि कब व कितनी राशि की गई है? विवरण देवें? (ङ) क्या उन प्रदत्त छात्रवृत्ति से छात्र-छात्राओं को सभी सुविधाएं प्राप्त/उपलब्ध हो जाती हैं? यदि नहीं तो क्या छात्रवृत्ति में वृद्धि की जावेगी? विवरण देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) आदिम जाति तथा अनुसूचित विकास विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रावास संचालित हैं। उक्त योजना राज्य के समस्त जिलों में संचालित है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** छात्रावास में निवासरत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क आवास एवं भोजन की सुविधा प्रदान की जाती है। जिसके अंतर्गत आवास, भोजन, नाश्ता, पंलग, गद्दे, चादर, कंबल, तकिया, थाली, गिलास, खेल सामग्री एवं कुर्सी-टेबल आदि सुविधाओं का लाभ दिया जाता है। **(ग)** प्री मैट्रिक छात्रावासों में निवासरत् विद्यार्थियों को भोजन, साबुन एवं अन्य सामग्री हेतु रूपये 1500/- प्रतिमाह प्रतिछात्र प्रदाय किया जात है। पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों में निवासरत् विद्यार्थियों को भोजन सहायता के रूप में राशि रूपये 1200/- प्रति माह प्रति छात्र प्रदाय किया जाता हैं। **(घ)** प्री मैट्रिक छात्रावासों में निवासरत छात्र-छात्राओं की शिष्यवृत्ति की दर में वर्ष 2023-24 में रूपये 1000 प्रतिमाह से रूपये 1500 प्रतिमाह की वृद्धि की गई है। पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों में निवासरत छात्र-छात्राओं हेतु प्रदाय की जा रही भोजन सहाय राशि की दर में वर्ष 2023-24 में रूपये 700 से वृद्धि कर रूपये 1200 प्रतिमाह किया गया है। (ड.) जी हां। अतः प्रश्न उपस्थित नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - चवालीस"]

जिला जांजगीर चांपा व सक्ती अंतर्गत कृषि विभाग से स्वीकृत निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

43. (क्र. 886) श्री रामकुमार यादव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला जांजगीर-चांपा व सक्ती के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2021 से प्रश्न अवधि तक कहां-कहां ,कौन-कौन से निर्माण कार्य , कितनी-कितनी राशि से स्वीकृत किए गए है? विवरण देवें? **(ख)** स्वीकृत कार्यों में से कौन-कौन से कार्य पूर्ण हो गए हैं? कितने अपूर्ण/ निर्माणाधीन एवं अप्रारंभ हैं? विवरण देवें? **(ग)** प्रशासकीय स्वीकृति उपरांत कार्य पूर्णता की समय-सीमा क्या है? प्रश्न "क" के अनुसार स्वीकृत प्रस्तावित कार्य कब तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला जांजगीर चांपा व सक्ती के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा वर्ष **2020-21** से **2023-24** (दिनांक **25-01-2024** तक) स्वीकृत निर्माण कार्यों का स्थलवार लागतवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (**ख) प्रश्नांश ''क'' अनुसार स्वीकृत कार्यों में पूर्ण/अपूर्ण/ निर्माणाधीन एवं अप्रारंभ कार्यों की **जानकारी सलग्न प्रपत्र अनुसार है। (**ग) प्रशासकीय स्वीकृति उपरांत आबंटन उपलब्धता की स्थिति में कार्य सामान्यतः एक वर्ष में पूर्ण किये जाते है। प्रश्नांश ''क'' अनुसार निर्माणाधीन कार्यों हेतु आबंटन उपलब्धता की स्थिति में माह-जून**, 2024** तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतालीस"]

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों के शैक्षणिक विकास हेतु संचालित योजनाएं

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

44. (क्र. 889) श्री धर्मजीत सिंह : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के शैक्षणिक विकास को दृष्टिगत रखते हुये उनके शैक्षणिक विकास के लिए कौन-कौन सी योजनायें लागू की गई हैं? विस्तृत विवरण देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' योजनाओं से विगत 03 वर्षों में कितने लोग लाभान्वित हुये हैं? वर्षवार विस्तृत विवरण देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसार है।**(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छियालीस"]

बिलासपुर संभाग अंतर्गत गृह निर्माण मंडल द्वारा निर्मित शासकीय आवास

[आवास एवं पर्यावरण]

45. (क्र. 890) श्री धर्मजीत सिंह : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बिलासपुर संभाग अंतर्गत 01/01/2021 से 01/09/2023 तक छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के द्वारा कुल कितने आवास हेतु आवास योजनायें स्वीकृत की गयी हैं, विस्तृत विवरण देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' के कितने कार्य पूर्ण हैं? कितने अपूर्ण हैं एवं कितने अप्रारंभ हैं? विस्तृत विवरण देवें? **(ग)** कंडिका ''ख''के अपूर्ण एवं अप्रारंभ कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जायेंगे, विस्तृत विवरण देवें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)बिलासपुर संभाग अन्तर्गत 01/01/2021 से 01/09/2023 तक छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के द्वारा कुल 1006 आवासों हेतु 06 आवासीय योजनायें स्वीकृत की गई है। **विस्तृत विवरण प्रपत्र-अ पर संलग्न** है।**(ख)** कंडिका ''क'' के कार्यो में कोई भी कार्य पूर्ण नहीं है। 02 कार्य अपूर्ण है एवं 04 कार्य अप्रारंभ है। **विस्तृत विवरण प्रपत्र-ब पर संलग्न** है।**(ग)**कंडिका ''ख'' के अपूर्ण कार्य मई-2025 तक पूर्ण होने की संभावना है एवं अप्रारंभ कार्य प्रारंभ होने के 03 वर्ष में पूर्ण होने की संभावना है। **विस्तृत विवरण प्रपत्र-स पर संलग्न** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतालीस"]

राजनांदगांव जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

46. (क्र. 901) श्री दलेश्वर साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) 2022-23 में खरीफ एवं रबी फसलों के लिए राजनांदगांव जिला के कृषकों द्वारा बीमा कराया गया है ? यदि हां, तो कितने किसानों का प्रपत्र 2 की एंट्री पोर्टल में विसगंति के कारण, किन-किन ग्रामों की दावा राशि गणना रूकी हुई है तथा इन ग्रामों के बीमा दावा राशि

गणना के पश्चात् भुगतान गणना राशि प्राप्त एवं अप्राप्त है ? विकासखण्डवार ग्रामवार,राशिवार उक्त संबंध में किये गये पत्राचार विभागवार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : जी हां, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत मौसम खरीफ एवं रबी 2022-23 की फसलों हेतु राजनांदगांव जिला के कृषकों द्वारा बीमा कराया गया था। फसल कटाई प्रयोगो के प्रपत्र-2 में दर्ज उपज आंकड़ों एवं राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल में दर्ज उपज आंकड़ों में विसंगति के कारण रबी मौसम वर्ष 2022-23 के 8 ग्रामों के 1,211 कृषकों की दावा भुगतान की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। तहसीलवार, ग्रामवार विवरण **संलग्न प्रपत्र-''अ ''अनुसार है।** फसल कटाई प्रयोगों के विसंगतियों के निराकरण हेतु संचालनालय कृषि द्वारा क्रियान्वयक बीमा कंपनी एवं आयुक्त भू-अभिलेख छ.ग. से किए गए पत्राचार का विवरण **संलग्न प्रपत्र - ''ब '' अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तालीस"]

उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत राज्य पोषित योजना एवं केन्द्र परिवर्तित योजना से लाभान्वित कृषक

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

47. (क्र. 902) श्री दलेश्वर साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत राज्य पोषित योजना एवं केन्द्र परिवर्तित योजना के तहत् राष्ट्रीय बागवानी मिशन, रोपनी अधोसंरचना विकास/संरक्षित खेती/उद्यानिकी यांत्रिकरण, मानव संसाधन विकास, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना संचालित है ? यदि हां, तो राजनांदगांव जिले के वर्ष 2021 से 2023 तक उक्त योजना के लाभान्वित कृषकों की जानकारी विकासखण्डवार, एजेंसीवार, ग्रामवार, सामग्रीवार, राशिवार, जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : जानकारी संकलित की जा रही है।

पण्डरिया विधानसभा क्षेत्र में पंजीयन कार्यालय में की गई रजिस्ट्री में अनियमितता की शिकायतें

[वाणिज्यिक कर]

48. (क्र. 905) श्रीमती भावना बोहरा : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत पंजीयन कार्यालय में कैलेंडर वर्ष 2021-22 से जनवरी, 2024 तक रजिस्ट्री के कितने आवेदन प्राप्त हुए ? प्राप्त आवेदनों में से कितने आवेदनों का निराकरण किया गया व कितने शेष हैं ? **(ख)** क्या प्रश्नांकित अवधि में पंजीयन कार्यालय में बिना पक्षकार के रजिस्ट्री की शिकायतें प्राप्त हुई अथवा विभाग के संज्ञान में आया है ? यदि हाँ, तो दोषी कौन है व उन पर क्या कार्यवाही की गयी ? **(ग)** प्रश्नांकित अवधि में रजिस्ट्री में अनियमितता अथवा गलत रजिस्ट्री करने या गलत रजिस्ट्री रोकने की कितनी शिकायत /आवेदन प्राप्त हुए? प्राप्त आवेदन /शिकायत पर क्या-क्या कार्यवाही की गयी ? कितने प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है व कितने लंबित हैं ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कैलेण्डर वर्ष 2021-22 से 24 जनवरी, 2024 तक 17142 रजिस्ट्री हेतु दस्तावेज प्रस्तुत हुये। जिसमें से 17141 दस्तावेजों का पंजीयन किया गया है। शेष 01 दस्तावेज न्यून मूल्यांकन होने से कलेक्टर आफॅ स्टाम्पस को संदर्भित किया गया है। **(ख)** जी नहीं। **(ग)** प्रश्नांकित अवधि में रजिस्ट्री में अनियमितता अथवा गलत रजिस्ट्री करने या गलत रजिस्ट्री रोकनेहेतु कुल 102 आपत्ति आवेदनप्राप्त हुये है। प्राप्त सभी 102 आवेदनों का विधिवत परीक्षण कर निराकरण किया जा चुका है।

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में आजजा विभाग द्वारा सी. सी. टी. व्ही. कैमरे के क्रय में अनियमितता

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

49. (क्र. 906) श्रीमती भावना बोहरा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या विधानसभा क्षेत्र पंडरिया अंतर्गत जनवरी 2020 से प्रश्नांकित अवधि तक आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा क्या सी. सी. टी. व्ही. कैमरा का क्रय किया गया है ? यदि हाँ, तो कितनी- कितनी राशि का, किस-किस दर पर, कब-कब क्रय किया गया है? खरीदी की प्रक्रिया क्या थी ? खरीदे गये कैमरे कहाँ-कहाँ लगाये गये? वर्षवार/विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** कंडिका 'क' के योग्य निविदाकार कौन- कौन थे? उनके द्वारा क्या दर दी गई तथा क्या इन फर्मो के जीएसटी पंजीयन निविदा दिनांक तक जीवित थे? वर्षवार निविदाकार फर्म/कंपनियों के नाम, पता सहित जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** निविदा कितने सी. सी. टी. व्ही कैमरे के लिए की गई थी और कितने कैमरे के लिए कब-कब आदेश दिए गये हैं? कैमरे की वारंटी/गारंटी की अवधि तथा परफारमेंस सिक्युरिटी की अवधि क्या थी? **(घ)** खरीदी में अनियमितता/भ्रष्टाचार की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई एवं प्राप्त शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी हां। 01 सेट (04 नग) सी.सी.टी.व्ही. कैमरा रूपये 52,230/- की दर से कार्यादेश दिनांक 19.11.2021 के द्वारा क्रय किया गया। सीएसआईडीसी दर पर ई-मानक पोर्टल के माध्यम से क्रय की प्रक्रिया अपनाई गई थी। विधानसभा क्षेत्र पंडरिया अंतर्गत विकास खण्ड पंडरिया में संचालित विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा आवासीय विद्यालय, पोलमी में लगाया गया है। **(ख)** प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। **(ग)** प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। **(घ)** कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत राजनांदगांव को आबंटित राशि

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

50. (क्र. 908) श्री भोलाराम साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वित्तीय वर्ष 2021-22 से 31 दिसंबर, 2023 तक अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना मद में सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, राजनांदगांव को कितना आबंटन प्राप्त हुआ तथा उक्त योजना में कितनी राशि स्वीकृत की गई ? वर्षवार, विकासखंडवार जानकारी देवें ? **(ख)** कंडिका " क " के अनुसार किन-किन दम्पत्तियों को कितनी-कितनी राशि स्वीकृत कर वितरण किया गया? वर्षवार, विकासखंडवार, नाम पता सहित जानकारी देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-ब** अनुसार है।

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में कृषि विभाग के अंतर्गत उपकरण/सामग्री क्रय एवं वितरण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

51. (क्र. 909) श्री भोलाराम साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 से 31 दिसंबर, 2023 तक कृषि विभाग द्वारा किन-किन योजनाओं के तहत कितनी लागत से क्या-क्या उपकरण एवं अन्य सामग्री की खरीदी की गई ? वर्षवार, विकासखंडवार जानकारी देवें ? **(ख)** कंडिका "क" के अनुसार खरीदे गए उपकरण/सामग्री को किन-किन किसानों को, क्या-क्या सामग्री वितरित की गयी? वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विभागीय योजनाओं में जानकारी का संधारण विधानसभा क्षेत्रवार नहीं अपितु विकासखण्डवार किया जाता है। खुज्जी विधानसभा से संबंधित विकासखण्ड छुरिया एवं अंबागढ़ चौकी में वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में दिनांक 31 दिसंबर, 2023 तक

विभागीय योजनाओं के अंतर्गत शत्-प्रतिशत अनुदान पर वितरित की गई कृषि आदान सामग्री की वर्षवार, विकासखण्डवार एवं योजनावार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ, प्रपत्र ब एवं प्रपत्र स अनुसार**है। कृषि यंत्रों/उपकरणों की जानकारी निरंक है। **(ख)** प्रश्नाधीन अवधि में कुल 2725 कृषकों को शत-प्रतिशत अनुदान पर आदान सामग्री वितरित की गई। योजनावार जानकारी कृषकवार विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द, प्रपत्र इ, प्रपत्र क, प्रपत्र ख, प्रपत्र ग, प्रपत्र घ, प्रपत्र ड., प्रपत्र च, प्रपत्र छ, प्रपत्र ज, प्रपत्र झ, प्रपत्र ए , प्रपत्र ट, प्रपत्र ठ, प्रपत्र ड, प्रपत्र ढ, प्रपत्र ण, प्रपत्र त, प्रपत्र थ, प्रपत्र ध, प्रपत्र न, प्रपत्र प, प्रपत्र फ, प्रपत्र भ, प्रपत्र म, प्रपत्र य, प्रपत्र र, प्रपत्र ल, प्रपत्र व, प्रपत्र श, प्रपत्र ष एवं प्रपत्र ह अनुसार** है।

बीजापुर विधानसभा क्षेत्र में रासायनिक उर्वरक का वितरण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

52. (क्र. 913) श्री विक्रम मंडावी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)**बीजापुर विधानसभा क्षेत्र में रासायनिक उर्वरक तथा कीटनाशक विक्रय के कितने-कितने केन्द्र हैं? इन केन्द्रों से दोनों प्रकार के कृषि आदानों का, कितनी-कितनी मात्रा में विक्रय वर्ष 2021-2022 से 2023-2024 (दिसम्बर तक) तक वर्षवार किया गया, बताएं ? **(ख)** जांच के लिए विगत तीन वर्षो में कितने नमूने लिये गये? कितने की रिपोर्ट प्राप्त तथा अप्राप्त रही तथा परिणाम क्या रहा ? क्या कार्यवाही की गई ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विभाग द्वारा विधानसभा क्षेत्रवार नहीं अपितु विकासखण्डवार जानकारी संधारित की जाती है। विधानसभा बीजापुर से संबंधित विकासखण्ड - बीजापुर, भोपालपट्टनम, उसूर एवं भैरमगढ़ में वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 (दिसम्बर तक) अंतर्गत उर्वरक एवं कीटनाशक के विक्रय केन्द्र तथा विक्रय की गई मात्रा का वर्षवार विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''अ'', प्रपत्र ''ब'' एवं प्रपत्र ''स'' अनुसार है**। **(ख)** प्रशनाधीन अवधि में विधानसभा बीजापुर से संबंधित विकासखण्ड बीजापुर, भोपालपट्टनम, उसूर एवं भैरमगढ़ के उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रय केन्द्रो से लिये गये नमूनो के प्राप्त परिणाम तथा कृत कार्यवाही के संबंध में वर्षवार विवरण **संलग्न प्रपत्र-''द'' एवं प्रपत्र ''इ'' अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्चास"]

सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में संचालित रासायनिक खाद की दुकानें

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

53. (क्र. 919) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** सरायपाली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितने रासायनिक खाद की दुकानें संचालित की जा रही हैं? उपरोक्त दुकानों को किन शर्तों के तहत अनुमति दी गई है? दुकान और संचालकों के नाम सहित जानकारी बतायें? **(ख)** पिछले 03 वित्तीय वर्षों में और वर्तमान वित्तीय वर्ष में आज दिनांक तक उपरोक्त दुकानों के खिलाफ किस-किस तरह की शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? प्राप्त शिकायतों पर क्या-क्या कार्रवाई की गई है ? **(ग)** नकली खाद की रोकथाम एवं निगरानी के लिए क्या-क्या व्यवस्था बनाई गई है ? विस्तार से जानकारी दें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) सरायपाली विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विकासखंड बसना में 99 एवं सरायपाली में 49 इस तरह कुल 148 रासायनिक उर्वरक विक्रय केन्द्र संचालित है। इन केन्द्रो को उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के खण्ड-8 में निहित शर्तों के तहत् उर्वरक के विक्रय की अनुमति प्रदाय की गयी है। रासायनिक उर्वरक विक्रय केन्द्रों की विकासखण्डवार जानकारी संचालकों के नाम सहित **संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** प्रश्नांश ''क'' से संबंधित उर्वरक विक्रय केन्द्रो के लिये वर्ष 2020-21 एवं इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। वर्ष 2021-22 में मेसर्स मुकेश ट्रेडिंग कंपनी, सरायपाली द्वारा यूरिया उर्वरक को निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बेचे जाने की शिकायत पर निरीक्षण

